''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 261 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 06 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन से हुआ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव–2024 का आगाज

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जांजीबार की सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री टीएम माविता, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज सहित अतिथियों ने ब्रह्मसरोवर पर किया गीता पूजन, गीता यज्ञ में डाली पूर्णाहुति**

**तंजानिया पवेलियन व राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का भी किया विधिवत उद्घाटन व अवलोकन**

**प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को मिला अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा : नायब सिंह सैनी**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** कुरूक्षेत्र में चल रहे अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव–2024 के दौरान मंत्र उच्चारण और शंखनाद की गुंजायमान ध्वनि के बीच पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन से आज मुख्य कार्यक्रम का आगाज हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जांजीबार की सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री टीएम माविता, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली और ब्रह्मसरोवर पर पूजन भी किया।

इससे पहले सभी गणमान्य ने इस बार के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव–2024 के पार्टनर देश तंजानिया के पवेलियन का उद्घाटन करने के उपरांत वहां के खान–पान, रहन–सहन, परिधानों को दर्शाने वाले स्टॉल का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से हरियाणा सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से दर्शाया गया है। इसके अलावा, उन्होंने सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के साथ सभी गणमान्य, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों के साथ एक ग्रुप स्मृति चित्र भी करवाया।

**प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को मिला अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा - नायब सिंह सैनी**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गीता महोत्सव की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा मिला। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आरम्भ हो चुका है जो 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान मानवमात्र को श्रीमद्भगवद्गीता का शाश्वत संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में यूनाइटेड रिपबलिक ऑफ तंजानिया सहयोगी देश तथा ओडीशा सहयोगी राज्य है। उन्होंने कहा कि सहयोगी राज्य ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी, उत्तर प्रदेश के वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर, मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, गुजरात में द्वारिकधीश, उज्जैन में महाकालेश्वर और जयपुर में ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का लाइव प्रसारण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से लगातार विगत 8 वर्षों से इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। महोत्सव में लाखों की संख्या में देश विदेश से लोग भाग लेने के लिए पहुंचते हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। पिछले वर्ष लगभग 45 से 50 लाख लोगों ने हिस्सेदारी की थी। इस बार भी लाखों लोगों के यहां पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में 18 हजार विद्यार्थियों के साथ वैश्विक गीता पाठ, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों के कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार, ब्रहमसरोवर की महाआरती, दीपोत्सव, 48 कोस के 182 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

**गीता महोत्सव ने पूरी दुनिया में बनाई अपनी एक पहचान– स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज**

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में सरस और शिल्प मेले का आगाज 28 नवंबर से हो चुका है। इस महोत्सव ने पूरी दुनिया में अपनी एक पहचान बना ली है। महोत्सव की परंपरा का निर्वहन करते हुए हवन यज्ञ, गीता यज्ञ और ब्रह्मसरोवर के पूजन का कार्य किया गया। यह महोत्सव आमजन का महोत्सव बन चुका है और पूरे देश और विदेश के लोग इस महोत्सव के साथ जुड़ चुके है।

पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस महोत्सव में हर साल लाखों लोग आते हैं और इस महोत्सव की शिल्पकला, विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति और धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद लेते है। इस प्रकार के महोत्सव का आयोजन होना एक सौभाग्य की बात है। महोत्सव में शहर की तमाम सामाजिक व धार्मिक संस्थाए अपनी भागीदारी कर रही है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 15 दिसंबर तक चलेगा और सायंकालीन कार्यक्रमों का आनंद पर्यटक उठा सकेंगे।

## गुरुग्राम की फरुखनगर तहसील में सीएम फ्लाइंग की रेड से मचा हड़कंप



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जिले की पटौदी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली फरुखनगर कस्बे की तहसील में वीरवार को उसे समय हड़कंप मच गया जब हरियाणा सीएम फ्लाइंग की टीम ने रेड कर सरकारी कागजातों को खंगाला। सीएम फ्लाइंग टीम के तहसील फरूखनगर कार्यालय में घुसते ही स्टाफ में अफरातफरी का माहौल बन गया।

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम ने कार्यालय से जहां पेंडिंग कार्यों के रिकॉर्ड की जांच पड़ताल करी, वही कुछ लिस्ट बनाकर अपने साथ भी ले गए। जिनमें काफी लमबित कार्यो की सूची बताया गया है, जिसमें सम्बनधित कर्मचारी की लापरवाही पाई जाने पर उनके खिलाफ उच्च अधिकारियो को लिखा जाएगा।

वहीं कार्यालय तहसील फरूखनगर में जो कर्मचारी/अधिकारी समय पर कार्यालय में नही पहुंचते या नदारद रहते है उनके खिलाफ भी कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा। भविष्य में तय सीमा के अन्दर सरकारी कार्यालयों में आमजन की समस्या का समाधान करने पर जोर दिया जाएगा।

बता दें कि फरुखनगर तहसील में चल रहा है भ्रष्टाचार के मामलों की शिकायत कम दरबार में भी पहुंच रही थी जिसके तहत ही यह रेड की गई बताई जा रही है। वहीं बताया गया है कि सीएम फ्लाइंग की डेट की खबर सुन कर तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी दफ्तर में नहीं पहुंचे। वहीं कुछ पटवारी में गिरधर भी फील्ड में जाने का बहाना बनाकर रफू चक्कर हो गए।






## किसानों को बिजाई के समय डीएपी, सिंचाई के समय यूरिया व कटाई के समय एमएसपी देने में हमेशा नाकाम रही बीजेपी : हुड्डा

**किसानों की मांगों को मानते हुए एमएसपी देने का वादा पूरा करे बीजेपी– हुड्डा**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी किसानों को बिजाई के समय डीएपी, सिंचाई के समय यूरिया और कटाई के समय एमएसपी देने में हमेशा नाकाम साबित हुई है। यही वजह है कि बार–बार अपनी मांगों को लेकर किसानों को आंदोलन करना पड़ता है। लेकिन सरकार किसानों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है। जबकि पिछली बार आंदोलन खत्म करवाते हुए सरकार ने एमएसपी के लिए बाकायदा एक कमेटी बनाने का ऐलान किया था। लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी किसानों के हाथ खाली हैं और वह सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं।

हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों को जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने–जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन बीजेपी सरकार किसानों से यह अधिकार छीनना चाहती है। जबकि किसानों ने सरकार के बात मानते हुए बिना ट्रैक्टर–ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है। ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार विज्ञापनों में 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात कहती है। जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा में कुल 24 फसलें होती ही नहीं है और जो फसलें होती हैं, उन पर किसानों को कभी एमएसपी नहीं मिलती। धान का उदाहरण सभी के सामने है। चुनाव के समय मुख्यमंत्री ने किसानों को 3100 रु धान का रेट देने का ऐलान किया था। लेकिन चुनाव के बाद सरकार अपने वादे को भूल गई और किसानों को एमएसपी तक नहीं मिल पाई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जान से रोकने को भी हुड्डा ने आलोकतंत्रिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में विपक्ष की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उसकी बात को सुना जाना चाहिए। राहुल गांधी अकेले पीडि़त परिवारों से मिलने जाना चाहते थे। बावजूद इसके उनको रोकना पूरी तरह उनके संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना है। निकाय चुनावों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि हर बार बीजेपी निकाय चुनाव में देरी करती है। कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

## एमएलए हॉस्टल और विधायकों के फ्लैट का होगा नवीनीकरण



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** एमएलए हॉस्टल और विधायकों के फ्लैट के नवीनीकरण को लेकर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल समेत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विस अध्यक्ष ने कहा कि विस परिसर के हैरिटेज ढाचे को बरकरार रखते हुए रखरखाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधान सभा परिसर का रखरखाव इस प्रकार से किया जाना चाहिए, जिससे यहां हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की झलक साफ रूप से देखी जा सके। इस दौरान विधायकों के लिए नए फ्लैट के संबंध में भी बातचीत हुई। हरियाणा निवास, एमएलए हॉस्टल स्थित डिस्पेंसरी को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विधायकों के सभी फ्लैट्स की विभाग के स्तर पर एक प्रॉपर चैकिंग होनी चाहिए। विभाग को वहां मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करनी चाहिए। सभी फ्लैट्स में वाइट वॉश होनी चाहिए। ऐसे ही खिड़कियों और दरवाजों की जरूरी मरम्मत तुरंत करनी चाहिए।

विस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे कैम्पस के सौंदर्यीकरण की तरफ भी विशेष रूप से ध्यान दिया चाहिए। बागवानी विभाग से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध ढंग से होने चाहिए। विस अध्यक्ष ने कहा कि दो एमएलए फ्लैट्स में डिस्पेंसरी बनी हुई है। अगर कहीं डिस्पेंसरी की नई बिल्डिंग बनेगी तभी उन दो फ्लैट्स को खाली करवाया जा सकता है। फिलहाल डिस्पेंसरी के सामने वाली जगह का प्रस्ताव भी इसके लिए ठीक है। विस अध्यक्ष ने कहा कि पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस के सभी कमरे अक्सर फुल रहते हैं। इस कारण विधायकों के साथ आने वाले कर्मचारियों को समस्या आती है। इस समस्या को दूर करने के लिए एम.एल.ए. हॉस्टल के आसपास किसी जगह पर नई बिल्डिंग के निर्माण की संभावनाएं तलाशनी चाहिए।

## किसानों को रोकने के लिए तुगलकी फरमान जारी करना निंदनीय : सैलजा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार किसानों व आम जनता की आवाज को दबाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत यदि कोई अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं तो उन्हें रोकने के लिए भी सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा नए–नए तुगलकी फरमान जारी किए जा रहे हैं। अंबाला डीसी की ओर से भी एक ऐसा ही तुगलकी फरमान जारी किया गया है जो निंदनीय है।

यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने जारी एक बयान में कही। सांसद सैलजा ने कहा कि किसान लंबे समय से एमएसपी गारंटी का कानून बनाने की मांग पर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसान धरना दे रहे हैं, लेकिन सरकार ने उनकी हर मांग को अनसुना कर रखा है। इसलिए किसान केंद्र सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के लिए 6 दिसंबर को दिल्ली जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी नागरिकों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहने का अधिकार है। इस अधिकार को कोई नहीं छीन सकता, मगर भाजपा सरकार लोगों के इस अधिकार को भी छीनना चाहती है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए अंबाला के डीसी ने एक ऐसा ही आदेश पारित किया है जो न सिर्फ लोकतंत्र के खिलाफ है बल्कि सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। अंबाला के डिप्टी कमिश्नर ऑफिस की तरफ से जारी किए गए आदेश में लिखा है कि किसान दिल्ली पुलिस से परमिशन मिलने के बाद ही आगामी कार्यवाही करें, नहीं तो इस कार्यक्रम को स्थगित करें। अंबाला में धारा 163 लागू कर दी गई है। 5 या 5 से ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने पर रोक है। इसके साथ दिल्ली में आंदोलन के लिए दिल्ली पुलिस की परमिशन जरूरी है। हरियाणा–पंजाब के शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने धारा 163 (पहले धारा 144) के नोटिस चिपकाए हैं। आदेश में कहा गया है कि 6 दिसंबर से जत्थों के रूप में शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच का आह्वान किया है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से एकत्रित होने की अपील की है।

## खेडी में बृहस्पतिवार को भी नहीं हुआ तिहरे हत्याकांड के मृतकों का अंतिम संस्कार

**दिल्ली के जेवली क्षेत्र में पति–पत्नी व बेटी का हत्यारा निकला कलियुगी बेटा**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दिल्ली के नेबसराय सथित जेवली क्षेत्र में घटित ट्रिपल मर्डर केस में कोई ओर नहीं बल्कि बेटा ही गुनहगार निकला है। जिसे पुलिस ने कस्टडी में ले लिया है। मूल रूप से कनीना खंड के गांव खेडी तलवाना निवासी एनएसजी के पूर्व सैनिक राजेश कुमार 52 वर्ष,उसकी पत्नी कोमल 48 वर्ष व बेटी कविता 23 वर्ष की लाशें बुधवार सुबह घर में मिली थी। बेटे अर्जुन की सूचना पर पुलिस टीमें मौके पर पंहुची थी जिन्होंने सीन ऑफ क्राईम का बारीकी से मुआयना किया। पोस्टमार्टन न होने के चलते बृहस्पतिवार को भी उनका अंतिम संस्कार नहीं हो सका। ईधर हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। बताया जा रहा है कि बेटी कविता पढाई में तेज होने के साथ–साथ जूडों की खिलाडी रही है नतीजतन उसने वारदात के समय बचाव के प्रयास किए होगें। जिसके चलते उनके बदन पर चाकू के अधिक वार दिखाई पडे। इस घटना पर क्षेत्रवासियों ने दुख जताया है। इस हत्याकांड पर दक्षिणी रेंज के ज्वाइंट सीपी एस.के. जैन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर चोरी,डकैती या जबरन घुसने का कोई साक्ष्य नहीं मिला। बुधवार को मां–बेटी के शव घर के नीचे वाले कमरे तथा पिता का शव उपर के कमरे में बिस्तर से लहु–लुहान अवस्था में मिले थे। घर का सामान व्यवसथित रूप से रखा हुआ था। इससे जाहिर होता है कि लूट या सेंधमारी का मामला दिखाई नहीं दिया था। पुलिस की क्राईम तथा फोरेंसिक टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। मुख्य शिकायतकर्ता और बेटे अर्जुन ने पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर सच्चाई बतानी शुरू की। धीरे–धीरे उसके बयानों में विरोधाभास झलकने लगा। संदेहजनक पहलुओं पर बीच–बचाव वाली प्रतिक्रिया देने लगा। अंत में उसने अपने पिता, मां और बहन की हत्या की बात कबूल कर ली। अर्जुन के अनुसार उसके पिता और परिवार से रिश्ते अच्छे नहीं थे। उसके पिता भूतपूर्व सैनिक थे। उसने हत्या करने के लिए सेना के चाकू का इस्तेमाल किया। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। उनकी हत्या के पीछे पिता राजेश द्वारा दोस्तों के सामने मारपीट एंव डांट–फटकार से अपमानित महसूस होना बताया गया। इसी कारण भाई–बहनों में दुश्मनी थी। क्रोध तथा आवेश में उसने उन्हें मारने की योजना बनाई। शादी की सालगिरह के दिन 4 दिसंबर को अपराध करने की तारीख चुनी। सुबह 5 बजें उसने चाकू से तीनों का कत्ल कर दिया। शवों का अंतिम संस्कार करते समय खेडी गांव में मातम पसर गया।

**मृतक राजेश उधोगपति का था पीएसओ**

पिंकू तंवर ने बताया कि राजेश एनएसजी कमाडों भी रहा है, जो सेवानिवृत होने के बाद पिछले 14 वर्ष से दिल्ली में मकान बनाकर सपरिवार रह रहा था। उसके पास लाईसेंसी हथियार था ओर किसी उधोगपति का पीएसओ लगा हुआ था। बुधवार को उनके विवाह की सालगिरह थी। कनीना सदर थाना पुलिस की निगरानी में शवों को अंतिम संस्कार किया गया। तिहरे हत्याकांड को लेकर खेडी तलवाना सहित आसपास के गांव में मातम पसरा हुआ है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# विंटर में रहें ड्राई आई से एलर्ट



सर्दी का मौसम हर लिहाज से अच्छा माना जाता है, फिर चाहे वह स्वास्थ्य के लिहाज से हो या फिर फैशन के लिहाज से। जहां आप बिना डरे हर तरह का खाना खाने से खुद को रोक नहीं पाते, वहीं फैशन करने में भी यह मौसम आड़े नहीं आता, लेकिन कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जो इस मौसम में परेशान कर सकती हैं और वह है आंखो में सूखेपन की समस्या यानी ड्राई आई की प्रॉब्लम। जी हां, ड्राई आई का मतलब वैसी आंख से है, जब आंख में स्थित आंसू ग्रंथियां पर्याप्त आंसू का निर्माण नहीं कर पाती। यह समस्या सर्दी के मौसम में ज्यादा होती है। यह बीमारी कनेक्टिव टिशू के डिसआर्डर होने से होती है। यह समस्या अधिक होने की स्थिति में आंख की सतह को नुकसान पहुंचा सकती है और जिसके परिणामस्वरूप अंधेपन की समस्या भी हो सकती है। इस समस्या से ग्रसित व्यक्ति में कई तरह के लक्षण दिखाई पड़ते हैं।

## लक्षण

आंखों में सूखेपन जैसा महसूस होना, आंखों में खुजली एवं जलन का एहसास, हर वक्त आंखों को मलते रहना, ऐसा महसूस होना कि जैसे की आंखों में कंकड़ घुस गया हो, आंखों से बिना कारण पानी का निकलते रहना, बिना कारण आंखों का थक जाना या सूजन के फलस्वरूप सिकुड़कर छोटा हो जाना।

## कारण

मौसम के अलावा आंखों के ड्राई होने के और भी कई कारण हो सकते हैं। विटामिन सी की कमी के कारण, महिलाओं में मेनोपॉज के बाद, कुछ दवाओं जैसे सल्फा ग्रुप इत्यादि के एलर्जी रीएक्शन के कारण, एलर्जी की समस्या से ग्रसित होने पर कुछ बीमारी जैसे की थॉयरायड जैसी समस्या होने पर, लंबे समय तक बिना पलक झपकाएं कंप्यूटर पर काम करते रहने से अधिक देर तक टीवी देखने से व उच्च स्तर के प्रदूषण के कारण।

## समाधान

ड्राई आई की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए उपचार के तौर पर अभी तक केवल आंखों में चिकनाई उत्पन्न करने वाला ड्राप बना है, लेकिन इस दिशा में और भी कुछ नए संभावित विकल्प के तौर पर उभर कर सामने आएं हैं। अब साइकलो स्पोरिन ड्राप जो कि रोगी के इमेन्यू सिस्टम के साथ काम करते हैं। रोगियों में कनेक्टिव-टिशू डिसआर्डर होने पर उनको वायरायड पैबौलॉजी करनी चाहिए। यह 40- 50 प्रतिशत मामलों में मददगार हो रहा है। यह आंखों में चिकनाई लाने वाली आई ड्राप्स की आवश्यकता को कम करता है। दूसरा विकल्प पंकटल प्लग का है। यह काफी छोटी प्लग होती है, जो आंसू के श्राव को बंद कर देती है। यह मुलायम सिमीकन की बनी होती है तथा इसे आसानी से लगाया जा सकता है। यह आंसूओं को रोकने में मदद करती है, जिससे की आंखों में नमी बरकरार रहें। इसके अलावा इस समस्या से ग्रसित लोगों को निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। आंखों को डायरेक्ट हवा के संपर्क में न आने दें। इससे बचने के लिए चश्मे का इस्तेमाल करें। कंप्यूटर पर काम करने के दौरान बीच-बीच में पलक झपकाना नहीं भूलें। यदि कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं तो एक बार अपनी आंखों के डॉक्टर के पास जाएं। हेयर ड्रायर, कार हिटर, एसी ब्लोअर और पंखे से आंख को दूर रखें। धूप में जाने से पहले आंखों को कवर करना न भूलें। सर्दी के मौसम में कमरे को गर्म रखने वाले उपकरणों से आंखों को बचाएं। इसके लिए हीटर के पास एक मग पानी रख दें, ताकि रूम में नमी बनी रहें। कुछ लोग विशेष प्रकार के डिजायन किए गए ग्लास का उपयोग करते है। यह आंखों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। आंखों में जलन या खुजली महसूस होने पर इसे रगड़ने के बजाए आंखों पर ठंडे पानी से छींटे मारे।

■ डॉ. प्रतीप व्यास

# सुबह-सुबह करें ये 4 काम नहीं बढ़ेगा बेली फैट

आप वजन कम करने की सोच रहे हैं तो सुबह कुछ बातों का ध्यान रखें। खास कर अगर आप बेली फैट कम करने की सोच रहे हैं तो आपको सुबह-सुबह हेल्दी खाना खाने के साथ एक्सरसाइज पर भी ध्यान देना होगा। सर्दियों की तुलना में गर्मियों में वजन कम करना अधिक आसान है, क्योंकि इस मौसम में अधिक व्यायाम किया जा सकता है। इसके अलावा आप इस मौसम में पानी और फल जैसे तरबूज और खरबूज लेते हैं, जो वजन कम करने में मदद करते हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं, ये टिप्स जिनका आपको सुबह के समय ध्यान रखना चाहिए:

1. सुबह एक्सरसाइज करने से कैलोरी बर्न करने में बहुत मदद मिलती है। इसलिए सुबह उठकर व्यायाम जरूर करना चाहिए।
2. सुबह-सुबह उठकर पानी पीने से वजन कम करने में मदद तो मिलती है साथ ही हेल्दी भी रहते हैं।
3. ब्रेकफास्ट में प्रोसेस फूड का इस्तेमाल न करें। इसके अलावा प्रीजर्वेटिव और शुगर से संबंधित चीजें भी ब्रेकफास्ट में नहीं लेनी चाहिए।
4. किसी भी स्थिति में सुबह का ब्रेकफास्ट नहीं छोड़ना चाहिए। एक्सपर्ट की मानें तो इससे आपके शरीर का फैट बर्निंग प्रोसेस कम हो जाता है।





## प्याज का सूप

### सामग्री

- 4 प्याज
- बटर: 2 चम्मच
- 1 गाजर
- पानी: 1 लीटर
- अजवायन: 2 चम्मच
- 2 लहसुन
- 2 आलू
- वेजिटेबल (अपनी पसंद के अनुसार): 1 कप
- नमक: स्वाद के अनुसार
- शक्कर: स्वाद के अनुसार
- काली मिर्च: स्वाद के अनुसार

### विधि

प्याज, लहसुन, आलू और गाजर को छोटे- छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद मध्यम आंच पर पैन में बटर गर्म कर लें। जब बटर मेल्ट हो जाए तो उसमें प्याज और लहसुन के टुकड़े डाल दें। हल्का ब्राउन होने तक भूनें। इसके बाद मीडियम फ्लेम पर पानी गर्म करें। इसके बाद उसमें अजवायन और बाकी की सब्जियां डाल दें। साथ में शक्कर, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छे से चलाएं। इसके बाद इसे 2 से 3 मिनट तक अच्छे से मिलने दें। जब यह उबलने लगे तो इसमें प्याज और लहसुन का पहले से तैयार किया हुआ मिक्सचर डाल दें। अब पैन में आलू और गाजर के टुकड़े डालें। इसके बाद मध्यम आंच पर 15 मिनट तक इसे पकाएं। जब यह पक जाए तो इसकी प्यूरी तैयार कर लें। अब दूसरे पैन में इस प्यूरी को डालकर 5 मिनट तक चलाएं। अब गर्मागर्म सर्व करें।



## नूरी गोभी

### सामग्री

■ गोभी: 1 किलो ■ नमक: स्वादानुसार ■ तेल: 150 मिली ■ तेजपत्ता: 6 ■ हरी इलायची: 6 ■ विनिगर: 2 चम्मच ■ जावित्री पाउडर: 1/ 2 चम्मच ■ नीबू का रस: 2 चम्मच ■ अदरक-लहसुन पेस्ट: 2 चम्मच ■ कटा हुआ प्याज: 4 ■ कटा हुआ टमाटर: 3 ■ हल्दी पाउडर: 1 चम्मच ■ लाल मिर्च पाउडर: स्वादानुसार ■ पानी: आवश्यकतानुसार ■ गरम मसाला पाउडर: 2 चम्मच ■ हरी मिर्च: 5 ■ कटी हुई धनिया पत्ती: 4 चम्मच ■ कटा हुआ लहसुन: 4 चम्मच ■ भुना हुआ काजू: 150 ग्राम

### विधि

गोभी को धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें कटा हुआ लहसुन और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अदरक और लहसुन का पेस्ट और गोभी कढ़ाई में डालें और कढ़ाई को ढक दें। लगभग 10 मिनट बाद कढ़ाई में विनिगर, नीबू का रस और सभी पाउडर मसाला डाल दें। कुछ देर तक धीमी आंच पर पकाएं। भुने हुए काजू और धनिया पत्ती से सजा कर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-6-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-6-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी। शुभांक-5-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-1-2-3

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-7-8

## काकुरो पहेली - 3372

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्गों की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3371 का हल

## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने होटल के मालिक को कहा- 'जनाब ! इस समय आपका बिल चुकाने के लिये मेरे पास पैसे नहीं हैं.'

'फिक्र न करें !' होटल का मालिक बोला- 'हम आपका नाम दीवार पर लिख देंगे. आप जब अगली बार आएं तो दे दीजिएगा.'

'मगर ऐसे तो सबको मालूम हो जायेगा !'

'कैसे मालूम होगा श्रीमान जी !' होटल के मालिक शान्त स्वर में बोला - 'नाम के ऊपर आपका कोट जो टंगा होगा.'

□ □ □

एक अंग्रेज ने, हिन्दुस्तानी आदमी से कहा कि 'तुम्हारी मूंछ तो बहुत अच्छी है, तुम मुझे यह दे दो मैं तुम्हें मुँह मांगा दाम दूँगा.' यह सुनते ही वह आदमी घर के अंदर गया और अपने सिर के बाल काट के लाकर के अंग्रेज के हाथ में दे दिए. बालों को देखकर अंग्रेज बोला कि 'यह क्या मैंने तो तुम्हारी मूंछ मांगी थी, तुम बाल क्यों ले आए?' अंग्रेज की बात सुनते ही उस व्यक्ति ने कहा कि 'माल हमेशा गोदाम से दिया जाता है न कि शोरूम से !'

□ □ □

जज- 'तुमने एक ही दुकान में चार बार चोरी क्यों की ?'

चोर- 'साहब पहली तीन बार मेरी बीवी को कोई साड़ी पसंद नहीं आई थी, इसलिए !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3372

**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक ?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 3371**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | ल | ओ | सी | | जा | नी | दु | श्म | न |
| क | | म | | दि | ल | | श्म | | गी |
| रि | श्ते | | फू | ल | | अ | न | जा | ना |
| श्ता | | शू | | वा | स्त | व | | नू | |
| | दि | ल | ज | ले | | ता | रा | | प्रि |
| | ल्ल | | ख्म | | आ | र | जू | | य |
| सं | गी | त | | खु | शी | | चा | ह | त |
| ग | | ला | वा | | र्वा | | चा | | मा |
| म | हे | श | | आ | द | मी | | बू | |
| | मा | | रं | ग | | ना | ग | म | णि |

## सूडोकु -3372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3371 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 3372

**बाएँ से दाएँ**

1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना( अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली -3371 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |

## सानवी वशिष्ठ और शुभांग वशिष्ठ को टोनी पहलवान और केडी शर्मा ने दी बधाई

**डरबन साऊथ अफ्रीका कामनवेल्थ कराटे प्रतियोगिता 2024 में रजत पदक विजेता है सानवी वशिष्ठ और शुभांग वशिष्ठ**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** डरबन साऊथ अफ्रीका में आयोजित कामनवेल्थ कराटे प्रतियोगिता 2024 में रजत पदक विजेता सानवी वशिष्ठ(महिला वर्ग) और रजत विजेता शुभांग वशिष्ठ(पुरूष वर्ग) के सम्मान में सेक्टर-28 में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर टेकचन्द नन्दाजोंग(टोनी पहलवान) और के.डी शर्मा ने पुष्प गुच्छा देकर और मिठाई खिलाकर दोनों विजेताओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रवि मोहन वशिष्ट, पायल वशिष्ठ, सुरेंद्र सैनी, बाबूराम शर्मा, देवेंद्र वशिष्ठ चरण सिंह सैनी योगेश चावला भी उपस्थित थे। इस अवसर पर टेकचन्द नन्दाजोंग(टोनी पहलवान) और के.डी शर्मा ने सानवी वशिष्ठ और शुभांग वशिष्ठ की उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की और वैश्विक मंच पर देश का झंडा बुलंद करने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दोनों विजेताओं के अभिभावक और प्रशिक्षकों को इसका श्रेय जाता है जिन्होनें उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और आत्म-विश्वास के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर सानवी वशिष्ठ और शुभांग वशिष्ठ ने कहा कि डरबन साऊथ अफ्रीका में आयोजित कामनवेल्थ कराटे प्रतियोगिता में जीत ने न केवल उन्हें व्यक्तिगत गौरव दिलाया है बल्कि दुनिया भर के महत्वाकांक्षी कराटे खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा का काम भी किया है। उन्होनें कहा कि वे अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा के साथ वह कराटे की दुनिया में महत्वपूर्ण प्रगति करना जारी रखने के लिए तैयार हैं व अपने देश का सम्मान और गौरव के साथ प्रतिनिधित्व करते हैं। कार्यक्रम में शहर के अन्य गणमान्य लोगों का भी बधाई देने का तांता लगा रहा।

## नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना, नशे का नहीं कोई चलेगा बहाना : डॉ अशोक



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोयला खुर्द में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 66 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम ब्यूरो की सहयोगी प्रयास द्वारा करवाया गया। प्रयास से जुड़े विनोद शर्मा और राजेश कौशिक ने इस कार्यक्रम के संचालन में सहभागिता की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यद्यपि भारत में ड्रग्स अर्थात प्रतिबंधित नशों पर नकेल डालने के लिए सीमा सुरक्षा बल, नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और राज्यों की पुलिस और बहुत ही अच्छे ढंग से ड्रग फ्री भारत करने में कार्य कर रहे हैं। लेकिन इन सबके होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास हो रही ऐसी गतिविधियों के प्रति सजग रहे और आवश्यकतानुसार प्रशासन का सहयोग करे। नशे को समूल नष्ट करने के जनसहभागिता अति आवश्यक है। केवल विधि और नियम बना देने से अंकुश नहीं लगाया जा सकता जब तक सामान्य जनता का सहयोग और सहभागिता न हो। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य, सामाजिक जीवन, परिवार और राष्ट्र के लिए घातक है तथापि प्रतिबंधित नशे तो बहुत ही कष्टदायक हैं। उन्होंने नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के प्राणों को हरता है और घर सुनसान हो जाता है क्योंकि नशे में ग्रस्त व्यक्ति का जीवन नष्ट हो जाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के एक नारा है देशों में देश हरियाणा जहां दूध दही का खाना। उन्होंने कहा नशा करने का कोई बहाना अब नहीं चलेगा। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर प्रतिबंधित नशों के बारे गुप्त सूचनाएँ देने के लिए प्रेरित किया। अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

## एनसीबी हरियाणा की पाठशाला के अंतर्गत दो विद्यालयों में किया विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पलवल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा के गाँव गाँव तक नशा मुक्त हरियाणा का सन्देश पहुंचाकर हृदय परिवर्तन करके नशा मुक्त हरियाणा बनाने का कार्य किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए आज पलवल पहुंचे और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या प्रभात शोभा की अध्यक्षता में छात्राओं को जागरूक किया जिसमें 850 छात्राओं और 20 शिक्षकों ने भाग लिया तो दूसरी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल शहर की प्राचार्या डॉ सरला रावत की अध्यक्षता में 699 छात्राओं और 34 शिक्षकों ने भाग लिया। दोनों विद्यालयों में अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम कर ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा क्रिभारत नारी प्रधान देश है। भारत में नारी को पूजनीय माना है यही कारण है क्रि यहाँ नदियों के नाम भी नारी शक्ति पर है। उन्होंने कहा नारी तू नारायणी है। तू नशे का कर सर्वनाश ताकि राष्ट्र हो स्वस्थ और हर घर में सुख शांति का हो वास। उन्होंने कहा क्रिनशे को समूल नष्ट करने के लिए जनसहभगिता अति आवश्यक है। केवल विधि और नियम बना देने से अंकुश नहीं लगाया जा सकता जब तक सामान्य जनता का सहयोग और सहभागिता न हो। उन्होंने नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के प्राणों को हरता है और घर सुनसान हो जाता है क्योंकि नशे में ग्रस्त व्यक्ति का जीवन नष्ट हो जाता है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर प्रतिबंधित नशों के बारे गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

## स्वच्छता हमारे व्यवहार का विषय नहीं बनेगा तब तक समाज और वातावरण में बदलाव नहीं आएगा : सुभाष चंद्र

### प्रदेशवासी स्वच्छता को अपने व्यवहार का विषय बनाएं



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने बताया कि धर्म नगरी कुरुक्षेत्र से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू किये गए स्वच्छता अभियान से प्रेरणा लेकर आज जिला फरीदाबाद में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने गुरूवार को बल्लभगढ़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने से शुरुवात कर 100 फुट रोड चावला कॉलोनी व गायत्री मंदिर रोड तक स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। स्वच्छता अभियान के पश्चात बल्लभगढ़ उपमंडल कार्यालय में जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने कहा कि हम भारत को अपनी माता मानते हैं। इसलिए हमारी माता को हम स्वच्छ रखें यह भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के प्रति दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लगन को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान से हरियाणा सरकार समस्त फरीदाबाद व प्रदेश वासियों को स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाने का संदेश देना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब तक स्वच्छता हमारे व्यवहार का विषय नहीं बनेगा तब समाज और वातावरण में बदलाव नहीं आएगा। स्वच्छता कहने से नहीं करने से आएगी। उन्होंने बताया की कंचन फरीदाबाद बनाने के लिए हम सब को स्वच्छता का संकल्प लेना होगा इसमें समाज का सहयोग चाहिए। जब भी हम पश्चिमी देशों की तरफ देखते हैं तो वहां स्वच्छता उनके नागरिकों की वजह से है इसलिए हमे भी आदर्श नागरिकों की तरह इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को समय समय पर शहर में सफाई को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला परिषद विजय लोहिया, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, नगर निगम ग्रेटर की संयुक्त आयुक्त द्विजा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## छात्रवृति के ऑनलाइन आवेदन पत्र 01 अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक प्राप्त किये जाएंगे : विक्रम सिंह



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा डॉ बी.आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना चलाई जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमन्तु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गों के छात्र/छात्राओं को सक्षम बनाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। डा० बी०आर० अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के वर्ष 2024-25 में छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र विभागीय वैबसाईट https://saral-haryana.gov.in पर दिनांक 01 अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक प्राप्त किये जायेंगें।

जिला कल्याण अधिकारी ममता शर्मा द्वारा बताया गया कि उक्त योजना के तहत छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन ऑनलाइन भरे गये थे, जिनमें कुछ त्रुटियां / कमियां पाई गई है। त्रुटियां / दस्तावेज पूर्ण करवाने हेतु आवेदन-पत्र को छात्र/छात्रा के पास ऑनलाइन सैन्ट बैक किये गये है। प्रार्थी अपने आवेदन-पत्र में पाई गई कमियों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करके कार्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर भेजे, ताकि आपके आवेदन-पत्र में आगामी कार्यवाही करके स्कीम का लाभ दिया जा सके। जिन छात्र/छात्रा द्वारा पहले से ही आवेदन ऑनलाइन किये गये है वह नया आवेदन पत्र ऑनलाइन न करके सैन्ट बैक किये गये आवेदन पत्र में ही त्रुटियां / कमियां पूर्ण करवायें। अधिक जानकारी के लिये जिला कल्याण अधिकारी, कार्यालय कमरा न० 408-409, चौथी मंजिल लघु सचिवालय, सेक्टर -12 में सम्पर्क करें।

## समाधान शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करना: डीसी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रति कार्य दिवस के दौरान जिला व उपमंडल के लघु सचिवालयों में सुबह 10 से 12बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की शिकायतें प्रत्येक कार्यदिवस पर सुनी जा रही है। इसी क्रम में आज गुरूवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के कमरा नंबर 106 में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करवाया।

डीसी विक्रम सिंह के निर्देशानुसार आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्या को लेकर पहुंचे आमजनों की कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा शेष बची शिकायतों के समाधान के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गये। प्रदेश सरकार राज्य के लोगों की समस्या को प्राथमिकता देकर उनका निदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यही कारण है कि सरकार ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए समाधान नामक शिविर लगाने का फैसला किया, जोकि पूरी तरह फलीभूत होता नजर आ रहा है। यह समाधान शिविर न केवल जिला स्तर अपितु उपमंडल स्तर पर स्थित लघु सचिवालयों, नगर निगम में भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा अधिकारियों को कड़ी हिदायतें जारी की गई है कि वे इन शिविरों में आ रही शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। समाधान शिविर में एसडीएम फरीदाबाद शिखा, डीआरओ सुशील शर्मा, एसीपी विनोद कुमार, जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य वजीर सिंह डागर सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## रोड सफ्टी क्विज कंपटीशन का कराया गया आयोजन

### फरीदाबाद के 705 स्कूलों के करीब 3730 बच्चो ने लिया भाग

**12 नवम्बर को प्रथम चरण के लिए कराया गया था प्रतियोगिता का आयोजन**



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह के दिशा-निर्देश तथा डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर के नेतृत्व में विद्यार्थियों में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आज जिला फरीदाबाद के 705 स्कूलों में दूसरे राउंड के लिए अंतर-स्कूल *Road Safety, Quiz Competition* का आयोजन कराया गया, प्रतियोगिता में करीब 3730 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए एसीपी ट्रैफिक शैलेन्द्र को नोडल अधिकारी बनाया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छात्र- छात्राओं में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक करने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी *Road Safety, Quiz Competition* कराया जा रहा है, 5 दिसंबर को फरीदाबाद के 705 स्कूलों में दूसरे राउंड के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें करीब 3730 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए कक्षाओं के 4 ग्रुप बनाए गए, जिसके लिए कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 से 12 और कॉलेज के ग्रुप बनाए गए। प्रतियोगिता को संबंधित थाना की टीम द्वारा आयोजित कराया गया। मूल्यांकन उपरांत विद्यार्थियों का तृतीय चरण के लिए चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के चार चरण है प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को यातायात नियमों और रोड सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक करना है, ताकि युवा पीढ़ी यातायात नियमों के प्रति जागरुक होकर यातायात नियमों की पालना करे। इस प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2013-14 से किया जा रहा है, 12 नवम्बर को आयोजित प्रतियोगिता में जिला फरीदाबाद के करीब 264798 छात्रों ने भाग लिया था।

## समाधान शिविर में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सुनी समस्याएं



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनता की सुविधा व उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर वे स्वयं व उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम लोगों को समस्याएं सुनकर उनका तुरंत समाधान कर रहे हैं। वीरवार को आयोजित समाधान शिविरों में जो भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, उपायुक्त ने उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में अब तक विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए समाधान में देरी न करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वीरवार को समाधान शिविर में कुल 12 शकियत प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकयतों का मौके पर समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं बल्कि उनके समाधान के माध्यम से नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाते हुए सकारात्मक छवि बनाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर के तहत प्राप्त शिकायतों की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जाएगी, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर के मामलों में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेही तय की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## नो एंट्री के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर की जाएगी कार्रवाही

**समाचार गेट/सुमित गोयल**



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर के दिशा निर्देशानुसार शहर में सुबह/सांय लगने वाले जाम को देखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा जाम की समस्या के निवारण के लिए यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा शहर में भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के लिए No Entry के आदेशों की सख्ती से पालना कराने की मुहीम चलाई गई है। भारी वाहनों के लिए सुबह 07:00 से 10:30 बजे तक तथा सांय 05:00 से रात 11:00 बजे तक No Entry होती है। उक्त No Entry नागरिकों को सुबह-शाम लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लागु की हुई है। यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा भारी वाहन संचालकों को सहयोग की आशा रखते हुए निर्देशित किया जाता है कि No Entry की पालना सुनिश्चित की जाए तथा No Entry समय के दौरान भारी वाहनों को सड़क पर खड़ा नही किया जाए। यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहों का जायजा लिया जा रहा है। यातायात पुलिस फरीदाबाद की आमजन से अपील है कि फरीदाबाद में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात नियमों का पालन करके यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## संपादकीय

# भोपाल से पूछो रात क्या होती है?

मिस्टर एंडरसन, नाम से लगता है कि मानो एजेंट स्मिथ मैट्रिक्स वाले नियो को बुला रहे हो। लेकिन इस मिस्टर एंडरसन की कहानी किसी नीली या लाल गोली से नहीं बल्कि एक जहरीली गैस से जुड़ी है। गैस जिसने 700 को तबाह किया और दुनिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित त्रासदी को जन्म दिया। 1984 की काली रात जब पूरे शहर पर मौत का हमला हुआ था। जो घरों में सो रहे थे, उनमें से हजारों सोते ही रह गए, कभी न जागने वाली नींद में। 2-3 दिसंबर 1984 की वो काली रात, जब भोपाल की यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से जहरीली गैस लीक होने लगी। जिससे देखते ही देखते हजारों लोग इसका शिकार हो गए। कैसे हुई ये त्रासदी, इसके गुनहगार को बचाने में देश का सिस्टम भी क्या शामिल था। तमाम सवालों के जवाब आपको आज इस रिपोर्ट में मिल जाएंगे।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

रात के करीब 11 बजे होंगे, जब आज ही के दिन 1984 में मध्य प्रदेश के भोपाल में यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के प्लांट से करीब 40 टन मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक हो गई। महज 3 घंटे में पूरे शहर की हवा में जहर घुल गया। सरकारी आंकड़ों में तो 2,259 मौतें हुई, लेकिन गैर-सरकारी अनुमान 8,000 तक लगाया गया। लंबे समय तक इस गैस के इफेक्ट से 20,000 लोगों की जान गई। 5,58,125 लोग प्रभावित हुए, जिनमें से करीब 3 लाख लोग सीधे गैस के संपर्क में आए थे। सांस लेने में दिक्कत, आंखों में समस्या, स्किन इंफेक्शन, कैंसर, अबॉर्शन, नवजात बच्चों में विकृति आदि समस्याएं आम हो गईं। कंपनी के प्लांट के आसपास 3,50,000 मीट्रिक टन जहरीला कचरा आज भी मौजूद है। 1989 में मुआवजे के लिए यूनियन कार्बाइड तैयार हुआ और करीब 715 करोड़ रुपये का भुगतान किया, लेकिन प्रभावितों को औसतन 25 हजार रुपये ही मिले।

फैक्ट्री के आस-पास गांव थे। इनमें और कारखाने के पास मजदूर वर्ग के लोग ज्यादा रहते थे। कहते हैं रात के वक्त फैक्ट्री का अलार्म काम नहीं किया। इससे और ज्यादा लोगों की जान गई। फैक्ट्री का अलार्म भोर के वक्त बजा, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। शहर के अस्पताल मरीजों से भर गए। लोगों का वक्त पर इलाज तक नहीं हो सका। शहर में ज्यादा अस्पताल भी नहीं थे। लोगों को आंख- कान के साथ सांस फूलने और स्किन में जलन आदि की प्राब्लम थी। भोपाल के डॉक्टरों ने इस तरह की समस्या का कभी सामना नहीं किया था। इस वजह से हालात और बिगड़ते चले गए। शहर में दो ही सरकारी अस्पताल थे। पहले दो दिन इन्हीं दोनों अस्पतालों में करीब 50,000 मरीज भर्ती हुए।

वारेन एंडरसन भोपाल गैस कांड के चार दिन बाद 7 दिसंबर को भोपाल पहुंचा था। उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया था। लेकिन उसे सिर्फ 25 हजार रुपए में जमानत मिल गई। उसे यूनियन कार्बइड के भोपाल गेस्ट हाउस में नजरबंद करके रखा गया। लेकिन पूरे सिस्टम ने एंडरसन को भागने में पूरी मदद भी की। उसे रातों रात एक सरकारी विमान से भोपाल से दिल्ली लाया गया। इसके बाद वो दिल्ली मे अमेरिकी राजदूत के घर पहुंचा और बाद में वहां से एक प्राइवेट एयरलाइंस से मुंबई और फिर अमेरिका चला गया। मध्य प्रदेश के पूर्व एविएशन डायरेक्टर आरएस सोढ़ी ने इसे लेकर एक बयान भी दिया था कि उनके पास एक फोन आया था जिसमें भोपाल से दिल्ली के लिए एक सरकारी विमान तैयार रखने के लिए कहा गया था। इसी विमान में बैठकर एंडरसन दिल्ली भाग गया था। तब एंडरसन को विमान में चढ़ाने के लिए भोपाल के एसपी और डीएम आए थे। उस वक्त मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री थे अर्जुन सिंह और प्रधानमंत्री थे राजीव गांधी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ष्ट्ढ्ढ के खुफिया दस्तावेजों के मुताबिक एंडरसन की रिहाई के आदेश तत्तकालीन राजीव गांधी सरकार ने दिए थे। हालांकि अर्जुन सिंह ने अपनी किताब में बाद में इस बात का खंडन किया था। यानी कि सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी के मुख्य आरोपी को बचाने में उस वक्त की सरकार और सिस्टम ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। मुख्य आरोपी वॉरेन एंडरसन जो कंपनी का सीईओ था, उसे सजा नहीं हुई। 29 सितंबर 2014 को मिस्टर एंडरसन की मृत्यु हो गई वो भी फ्लोरिडा के एक नर्सिंग होम में उन्होंने आखिरी सांसें ली। 7 जून 2010 को यूनियन कार्बाइड के 8 भारतीय अधिकारियों को 2 साल की सजा और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनी में सेफ्टी के इंतजाम नहीं थे।

## हरियाणा के महेंद्रगढ जिले की बेटी ने लंदन विश्वविद्यालय से अर्जित की एमबीए में मास्टर डिग्री


**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** हरियाणा के महेंद्रगढ जिले को शिक्षा का हब माना जाने लगा है। जिसकी ख्याति दूर-दूर तक फैल रही है। इस बात को महेंद्रगढ जिले की बेटी ने लंदन विश्वविद्यालय से डिग्री अर्जित कर सार्थक सिद्ध किया है। महेंद्रगढ़ जिले के कनीना सब डिवीजन के अंतर्गत गांव गुढ़ा निवासी सुरेश कुमार पलटा ने बताया कि उनकी पुत्री अर्चना कुमारी ने लंदन विश्वविद्यालय से 4 दिसंबर 2024 को विशाल समारोह में एमबीए विषय में 'मास्टर्स की डिग्री' हासिल की है। ये समारोह लंदन विश्वविद्यालय के सीनेट हाउस में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि लंदन विश्वविद्यालय की गिनती दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में होती है। जो अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान के अवसर और प्रतिष्ठित संकाय के लिए जाना जाता है। इस प्रतिष्ठित संस्थान से डिग्री प्राप्त करना अर्चना की बौद्धिक क्षमता, अकादमिक उत्कृष्टता और मेहनत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अर्चना की यह उपलब्धि हरियाणा प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनका मानना है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ लड़कियां बड़े से बडा मुकाम हासिल कर सकती हैं।

## तलवाना में सैनिक की ससम्मान अंत्येष्टि

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** खंड के गांव तलवाना, खेड़ी निवासी तथा सीआरपीएफ के सैनिक राजकुमार, 44 वर्ष की बृहस्पतिवार को गमगीन माहौल में ससम्मान अंत्येष्टि की गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि राजकुमार 18 मार्च 2002 को सीआरपीएफ में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह 112 बटालियन सीआरपीएफ दीमापुर में कार्यरत था। बीती 30 नवम्बर को गांव तलवाना से छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर गया था। 3 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान दीमापुर रेलवे स्टेशन पर हृद्याघात से उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पिता चंदगीराम, माता नारायणी देवी, पत्नी सुरेश देवी, पुत्री व पुत्र सहित भरापूरा परिवार छेड गया। उसका पार्थिव शरीर सुबह सेना के वाहन से गांव पंहुचा तो माहौल गमगीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव तलवाना में किया गया। 112 बटालियन सीआरपीएफ सतबीर सिंह के नेतृत्व में राजकुमार को अंतिम सलामी दी गई। अंतिम संस्कार के समय सैंकडों ग्रामीण उपसथित थे।

# खिलाडी संयम में रहकर अनुशासन का परिचय दें : सोमनाथ

### खेडी में हुआ 4 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** खिलाडी खेलों को संयमित तथा अनुशासन में रहकर खेलें ओर खेल मैदान में होने वाली गलतियों से सब लें। ये बातें गोल्डन स्टार फुटबाल क्लब खेडी तलवाना की ओर से बृहस्पतिवार से चेतक स्टेडियम में आयोजित किए गए चार दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए समारोह के मुख्यातिथि पूर्व निरीक्षक सोमदत्त यादव ने कही। समारोह की अध्यक्षता फुटबॉल के एनआईएस कोच जसमेर सिंह ने की। मुख्यातिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। समूह में खेलने से खिलाडी में आत्म विश्वास की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में 30 टीमों ने हिस्सा लिया। जसमेर सिंह कोच ने कहा कि लगातार 4 दिन तक जारी रहने वाली फुटबाल प्रतियोगिता का 8 दिसंबर को समापन होगा। प्रतियोगिता के चलते 'चेतक'खेल स्टेडियम में गहमागहमी देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव खेडी तलवाना के चेतक खेल स्टेडियम में आयोजित 'एक पंचायत' फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार तथा उप विजेता टीम को 41 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। सेमिफाइनल में पराजित होने वाली टीमों को आयोजन समिति की ओर से 5100 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। इस स्टेडियम में उनकी ओर से प्रतिवर्ष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूरदराज से टीमें हिस्सा लेती हैं। पहले दिन चरखी दादरी-दिलवाडा, धनौंदा-17 राजरिफ तथा खैंरा-खेडी की टीमों में मुकाबला रहा। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाली टीमों के रहने तथा खाने की व्यवस्था क्लब की ओर से की जाती है। स्टेडियम में खेल मैदान तथा पैवेलियन को चमकाया गया है। इस मौके पर मोतीकुमार लाटा, राजकुमार लाटा, रिसलदार जीत सिंह, ओमपाल सिंह, धर्मपाल, श्याम सिंह, सूबेसिंह, अंकित,राजेश कुमार, शिवकुमार, अनिल कुमार सहित ग्रामीण उपसथित थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 9 दिसंबर को पानीपत आएंगे, बीमा सखी योजना का करेंगे शुभारंभ: पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल

**लोहारू हलके से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में करेंगे शिरकत: जेपी दलाल**

**लोकतंत्र में हार जीत चुनाव का हिस्सा, लोहारू के विकास के लिए रहेंगे प्रयासरत: पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल**

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**



**सिवानी।** प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी दलाल का कहा कि आगामी 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत आएंगे। पीएम पानीपत में बीमा सखी योजना का शुरूआत करेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के लिए पीएम का दौरा सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री प्रदेश को अनेक सौगात देंगे।इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। प्रधानमंत्री की इस जनसभा में लाखों कार्यकर्ता भाग लेंगे और यह जनसभा पूरे देश में ऐतिहासिक होगी। लोहारू हल्के से भी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पानीपत जाएंगे। पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल वीरवार को सिवानी, बहल तथा लोहारू क्षेत्र के कई गांवों में कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे थे। जेपी दलाल ने आज गुरेरा, धुलकोट, सिवानी,बहल,तलवानी, सिरसी, सोहासडा, लोहारू तथा ढिगावा गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जीत हार चुनाव का हिस्सा हैं वे लोहारू के लोगों के बीच रहेंगे। बिजली, पानी और विकास की लोहारू में कोई कमी नहीं रहने दी जाएंगी इसके लिए वे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बार-बार मिलते रहते हैं और हलके के विकास के कार्य अवगत करवाते रहते हैं। इस अवसर पर उनके साथ अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# होडल-नूँह-पटौदी मार्ग को फोरलेन मंजूर करने पर भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जताया आभार

**चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने मुख्यमंत्री से इस रोड और बड़कली - होडल रोड पर मुम्बई-एक्सप्रेस-वे पर उतार-चढ़ाव के लिए नियमित कट देने की भी माँग की**

**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने नूँह से नौगांव बोर्डर मार्ग को फोरलेन पर जल्द कार्य शुरू करने की भी की माँग**





**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं नूँह से पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा होडल-नूँह-पटौदी मार्ग को 616 करोड़ रूपये की धनराशि से फोरलेन मंजूर करने पर उनका धन्यवाद व आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह मेवात क्षेत्र वासियों की बहुत पुरानी माँग थी, जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूर किया है। इस मार्ग के फोरलेन होने से मेवात क्षेत्र खासतौर पर नूँह विधानसभा व आस-पास के विधानसभाओं के विकास को नई गति मिलेगी। मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नए संसाधन मिलेंगे। इसे मंजूरी मिलने के बाद पूरे मेवात क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुंबई-एक्सप्रेस-वे पर इस रोड और बड़कली- होडल रोड पर उतार-चढ़ाव के लिए नियमित कट देने व नूँह से नौगांव बोर्डर तक मार्ग पर फोरलेन का कार्य जल्द शुरू करने की भी माँग की है। उन्होंने कहा कि ये उपरोक्त माँगें भी मेवात क्षेत्र के लोगों की बहुत महत्वपूर्ण माँगें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपरोक्त माँगों को पूरा करवाएंगे, क्योंकि ये मांगें केंद्र सरकार से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार को चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 616 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से होडल-नूंह-पटौदी मार्ग को 4 लेन बनाने को स्वीकृति प्रदान की थी।

# गीता जयंती महोत्सव को धूमधाम व भव्य तरीके से मनाया जाएगा : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन जिला नूंह में 9 से 11 दिसंबर तक नया बस स्टैंड के पास स्थित स्थानीय बाल भवन सामुदायिक केंद्र में धूमधाम से किया जाएगा। इस महोत्सव का जिला की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं व जिलावासियों के सहयोग से भव्य रूप से आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त वीरवार को जिला की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वे गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समर्पण भाव से जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उपायुक्त ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव में सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी में अपनी-अपनी स्टॉल लगाएंगे और लोगों के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। महोत्सव में कृषि, बागवानी, महिला एवं बाल विकास विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग, जनस्वास्थ्य, क्रिड, समाज कल्याण, कल्याण, ऊर्जा एवं नवीनीकरणीय, एमएसएमई, स्वास्थ्य, आयुष, निर्वाचन कार्यालय व एनआईसी की ओर से सीएससी सेंटरा संबंधी स्टॉल लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल जांच कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इसके अलावा कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी अपना स्टॉल लगाएंगे।

उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे गीता जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ भी पाएं। तीन दिन तक चलने वाले गीता जयंती महोत्सव के दौरान तीनों दिन विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके अलावा गीता जयंती महोत्सव में तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा लोक कलाकार भी आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे।

उपायुक्त ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा सेमिनार का भी आयोजन होगा, जिसमें वक्ता गीता के महत्व पर अपने व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली बच्चों द्वारा गीता का श्लोकोच्चारण किया जाएगा। इसके अलावा 11 दिसंबर को गीता जयंती कार्यक्रम के अंतिम दिन नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें गीता पर आधारित झांकियां शामिल होंगी, जिसमें धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी गीता पर आधारित अपनी झांकी शामिल करेंगी। उन्होंने शहर की सभी धार्मिक, मन्दिर व सामाजिक संस्थाओं से गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवान श्रीकृष्ण लीला और गीता पर आधारित होंगे। बैठक में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम नूंह प्रदीप सिंह अहलावत, नगराधीश अशोक कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पटेल, जेएस सैनी, सुनील जिंदल, हेमराज शर्मा, सुरेश बघेल, श्यामसुंदर, राजेश छौक्कर, पुनित सहित विभागों के अधिकारी भी उपसथित थे।

## सडक निर्माण के चलते नहरी पुलिया की मिट्टी हटाई तो बंद हुआ मार्ग, कनीना के नागरिकों ने जताया विरोध



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में अटेली रोड से रेवाडी रोड तक भूमिगत की गई रामपुरी डिस्टीब्यूटरी के दोनों ओर रास्ता बनाने का सपना अब अधूरा दिखाई देने लगा है। बिजली के खंबे रास्ते में होने के चलते आक्रोसित नागरिकों ने बृहस्पतिवार को रास्ते में खडा होकर विरोध जताया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व मिनी बाईपास कहे जाने वाले इस मार्ग के बनने की घोषणा से लोगों में काफी राहत महसूस की थी। लेकिन अब धरातल पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है। नहर के उस पार दक्षिण दिशा में नगरपालिका के इस रास्ते से 2 कालोनीयों में सैकड़ो की संख्या में लोग रह रहे हैं जो आसियाना बनाये हुए हैं। पूर्व विधायक सीताराम यादव ने लोगों की मांग पर पुलिया बनवाया था। लेकिन आपसी सियासत के चलते इस पर चढने उतरने के लिए विभाग की ओर से रैंप नहीं बनाया गया है। लोगों ने अपने दम पर मिट्टी आदि डालकर आवगन शुरु कर रखा है। हाल ही में सडक निर्माण के चलते ठेकेदार ने पुलिया के समीप की मिट्टी हटाई तो आवगन बंद हो गया। नागरिक अनाज मंडी से होकर लगभग 2 किलोमीटर गुमकर अपने घरों व खेतों में जाने को मजबूर हो गए। हुकमचंद शर्मा, कमल यादव, डॉ रविंदर कौशिक, प्रकाश यादव, कंवर सिंह, सतवीर यादव, अजय शर्मा, विनोद यादव, अशोक शर्मा, नवीन शर्मा दर्जनों लोगों ने हलका विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से बंद रास्ते को खुलवाने व पुलिया पर रैंप बनाने की गुहार लगाई है।

## कनीना में एसडीजेएम कोर्ट भवन के निर्माण की मांग को लेकर डीसी व डीजे से मिला वकीलों का प्रतिनिधिमंडल



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडीजेएम कोर्ट भवन के निर्माण की मांग को लेकर कनीना में बीती 2 दिसंबर से बार एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया अनिश्चतकालीन धरना बृहस्पतिवार को चैथे दिन भी जारी रहा। अधिक्ताओं ने कहा कि इस दौरान वर्क सस्पेंड रहेगा। हालांकि वकीलों के शिष्टमंडल ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश नारनौल व जिला उपायुक्त नारनौल से बातचीत की थी जो बेनतीजा रही। बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील यादव ने बातया कि कनीना में 2016 में एसडीजेएम कोर्ट शुरू हुआ था। बिना आधारभूत संरचना के यहां पर दो स्थाई तथा एक साप्ताहिक कोर्ट संचालित है। जहां विभिन्न प्रकार के सात हजार केस विचाराधीन हैं। 8 वर्ष बाद भी यहां कोर्ट भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जबकि अधिवक्ताओं द्वारा पहले भी सांकेतिक धरना दिया जा चुका है। उच्च अधिकारियों से भी संपर्क साधा गया था जिन्होंने शीघ्र ही भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि न्यायालय भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया तो वकीलों द्वारा आंदोलन का रूख अपनाया जाएगा। इस पर कनीना बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उपसथित थे।

## सेठ मेघराज जिंदल के प्राचार्य बने जिला उच्चत्तर शिक्षा अधिकारी

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**



**सिवानी।** सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. सत्यपाल सिंह को उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय हरियाणा की ओर से भिवानी जिले का जिला उच्चत शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। डा. सत्यपाल ने बातचीत के दौरान बताया कि यह एक जिम्मेदारी भरा पद है और मैं इस पद को बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। डा. सिंह ने बताया कि वर्तमान में चल रही परीक्षाओं के बाद आंतरिक स्तर पर टीचिंग और नान टीचिंग पदों को भरने का प्रयास किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित ना हो।

## नवंबर व दिसंबर महीने का एक साथ मिलेगा डिपो पर तेल : केके गोयल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक केके गोयल ने बताया कि जिले के सभी एएवाई, बीपीएल ऑनलाइन कार्डधारक जिनको नवंबर महीने में सरसों का तेल नहीं मिला है, उनके लिए हरियाणा सरकार द्वारा माह नवंबर, 2024 के सरसों तेल के वितरण की तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## दिल्ली मेट्रो की केबल चोर काटकर ले गए, ब्लू लाइन पर सेवाएं हुईं बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर गुरुवार को केबल चोरी की वजह से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच इस घटना के कारण मेट्रो ट्रेनों की गति धीमी कर दी गई, जिससे यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रभावित खंड पर मरम्मत कार्य आज रात परिचालन घंटों के बाद पूरा किया जाएगा। डीएमआरसी ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा के लिए अतिरिक्त समय का प्रावधान रखें। दिल्ली मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना विलंब को ध्यान में रखकर बनाएं। प्रभावित खंड पर मेट्रो सेवाएं सीमित गति से जारी रहेंगी। इस तरह की घटनाओं से न केवल मेट्रो सेवाएं प्रभावित होती हैं, बल्कि यात्रियों को भी काफी असुविधा होती है।

**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं**

यह पहली बार नहीं है जबकि केबल चोरी से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अगस्त में भी रेड लाइन पर झिलमिल और मानसरोवर पार्क स्टेशनों के बीच सिग्नल केबल चोरी हुई थी, जिससे दिलशाद गार्डन से शाहदरा मार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार घटाकर 25 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई थी।

## जब अभिनेता सलमान खान के शूटिंग सेट पर घुसा अनजान युवक

**– गैंगस्टर का नाम लेते ही मुंबई पुलिस ने लिया हिरासत में**

मुंबई। मुंबई के दादर इलाके में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के शूटिंग सेट पर एक शख्स अवैध रूप से घुस गया। शक होने पर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कहा कि मैं लॉरेंस बिश्नोई को कहूं क्या ? इसके बाद संदिग्ध को पूछताछ के लिए शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ये घटना मुंबई के परिमंडल-5 में हुई। संदिग्ध ने कथित तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का इस्तेमाल किया। पुलिस उसकी जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जब यह अज्ञात व्यक्ति अंदर आया तो सलमान खान शूटिंग स्थल पर मौजूद थे। जब उसने लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिया तो क्रू में से कुछ लोगों ने उसे देख लिया। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आपको बता दें कि पिछले कुछ समय से सलमान खान लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं और सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर कई बार धमकी भी मिल चुकी है। हाल ही में उनसे 5 करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी गई थी। कुछ महीने पहले सलमान के बांद्रा स्थित घर के बाहर फायरिंग भी हुई थी। इसमें लॉरेंस गैंग का नाम सामने आया था। कुछ दिनों पहले सलमान खान के सबसे अच्छे दोस्त और राज्य के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से सलमान की सुरक्षा का ख्याल और भी सजगता से रखा जाने लगा है।

## मणिपुर हिंसा : थौबल में भारी मात्रा में मिले हथियार, दुष्कर्मी उप सरपंच भी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में तलाशी अभियान के दौरान 16 आग्नेयास्त्र, छह 36 एचई ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, गोला-बारूद और एक वॉकी-टॉकी सेट के साथ एक चार्जर बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह बरामदगी बुधवार को फुंगी चिंग न्गामुखोंग इलाके में तलाशी के दौरान की गई और इस संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस के बयान में कहा गया कि पहाड़ी और इंफाल घाटी दोनों में राज्य के विभिन्न जिलों में कुल मिलाकर 107 जांच चौकियां स्थापित की गई हैं और कानूनों के किसी भी उल्लंघन के संबंध में किसी को हिरासत में नहीं लिया गया। इंफाल घाटी स्थित मैतेई और आसपास के पहाड़ी क्षेत्र कुकी-जो समूहों के बीच पिछले साल मई से जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों बेघर हो गए हैं। मणिपुर हिंसा के दौरान लापता मैतेई व्यक्ति को ढूंढने के लिए और अरंबाई टेंगोल के नेता कोरोंगनबा खुमान के खिलाफ एनआईए के मामलों को वापस लेने की मांग की गई। जिसको लेकर बुधवार को इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हुए। पुलिस ने बताया कि सेना ने सिंह की खोज के लिए ड्रोन, ट्रैकर कुत्तों और 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया है। इम्फाल पश्चिम के लाफुपत तेरा, वांगोई और काकचिंग जिले के वबागई तथा काकचिंग खुनौ में प्रदर्शनकारियों ने खुमान के खिलाफ एनआईए के मामलों का विरोध किया। खुमान और कुकी उग्रवादियों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मामले दर्ज किए हैं, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले और आईईडी विस्फोट के मामले शामिल हैं। वहीं इस बीच, टेंग्नौपाल के लीथाओ और मोलथम खुन में मारे गए 13 मैतेई लोगों की पहली पुण्यतिथि इम्फाल पूर्वी जिले के एंड्रो खुनौ तोरोंगथेल कामू कोइरेंग इंटीग्रिटी पार्क में मनाई गई।

## गांधीधाम में फर्जी ईडी टीम का पर्दाफाश, महिला समेत 12 आरोपी गिरफ्तार

कच्छ। गुजरात में अब तक फर्जी डॉक्टर, फर्जी हॉस्पिटल, फर्जी पुलिस, फर्जी जज पकड़े जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब गुजरात में फर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कानून के हत्थे चढ़ गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि फर्जी ईडी की टीम में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने महिला समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नकद समेत 45.82 लाख रुपए का माल-सामान भी जब्त कर लिया। दरअसल फर्जी ईडी अधिकारी बनकर 2 दिसंबर को कच्छ के गांधीधाम इलाके में राधिका ज्वैलर्स और उनके आवासीय घर में एक गिरोह ने हाथ साफ कर दिया था। गिरोह ने खुद को ईडी का अधिकारी बताते हुए सोना, चांदी और नकदी सहित रु. 25,25,225 मूल्य की कीमती चीजें चुरा लीं। घटना के बाद राधिका ज्वैलर्स के मालिक ने गांधीधाम ए डिवीजन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों को भुज, गांधीधाम और अहमदाबाद समेत अन्य जगहों पर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान फर्जी ईडी टीम के कुल 12 आरोपियों के खिलाफ सबूत मिले।

# चंद राज्यों में बची कांग्रेस के भीतर सिर फुटव्वल, कर्नाटक में सीएम के पद को लेकर फिर शुरु हो सकती है रार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस का ग्राफ बढ़ाने के हो रहे प्रयास उस वक्त धरे के धरे रह जाते हैं जब पार्टी के भीतर ही असंतोष झलकने लगता है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन से थोड़ी उम्मीद जगी थी लेकिन उसके बाद के विधानसभा चुनावों में पार्टी लगातार विफल साबित हो रही है। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड और महाराष्ट्र चारों राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में उसकी हालत पतली देखी गई। वह देश के गिने-चुने राज्यों में अपने दम पर सरकार में है। लेकिन वहां भी उसके भीतर का क्लेश थमने का नाम ले रहा है।

कांग्रेस पार्टी इस वक्त देश के तीन राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में अपने दम पर सत्ता में है। इसमें सबसे बड़ा राज्य कर्नाटक है। लेकिन, यहां पार्टी के भीतर ही सिर फुटव्वल हो रहा है। सीएम पद की लड़ाई राज्य के दो बड़े नेताओं में जारी है। यह लड़ाई एक बार फिर सामने आ गई है। बुधवार को राज्य के सीएम सिद्दारमैया ने उन बयानों को खारिज कर दिया जिसमें डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी आलाकमान ने राज्य में पावर शेयरिंग का एक फॉर्मूला तैयार करवाया था। और अब पार्टी हाईकमान राज्य के सीएम पद को लेकर फैसला लेगा। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने ये बाते कही थी। दरअसल, 2023 में कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद सीएम पद को लेकर लंबे समय तक विवाद चला था। सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार दोनों बड़े दावेदार थे। फिर केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप के बाद दोनों के बीच पावर शेयरिंग का फॉर्मूला तय किया गया। डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री के पद के साथ प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद भी दिया गया था। इंटरव्यू में शिवकुमार ने स्पष्ट तौर पर कहा कि 2023 में नई सरकार के गठन से पहले ही उनके और सिद्दारमैया के बीच सीएम पद को लेकर एक समझौता हुआ था।

लेकिन, अब सिद्दारमैया के बयान के बाद शिवकुमार अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान अंतिम है। हम सीएम और पार्टी के प्रति वफादार हैं। शिवकुमार ने आगे कहा कि अब कोई बहस नहीं है। उधर, कर्नाटक में मंत्रिमंडल के विस्तार या उसमें बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सिद्दारमैया ने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। मीडिया से सवालिया लहजे में उन्होंने कहा कि यह मेरा विशेषाधिकार है। क्या मैंने आपसे कुछ कहा है? तो फिर क्यों ऐसी बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी फैसला होगा हाईकमान करेगा। गुरुवार को हासन में कांग्रेस की एक रैली है। इस रैली के नाम को लेकर भी विवाद है। पहले इस रैली का नाम 'जन कल्याण समावेश' था। लेकिन इसका नाम बदल दिया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर सिद्दारमैया ने कहा कि उनके समर्थन यह रैली कर रहे हैं। इसका नाम स्वाभिमानी ओक्कुटा रखा गया है। कांग्रेस पार्टी इस रैली का समर्थन कर रही है।

## असम में 7 दिसंबर को होगा कैबिनेट विस्तार, चार नए मंत्री होंगे शामिल

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार (5 दिसंबर) को कहा कि कैबिनेट 7 दिसंबर को चार मंत्रियों को शामिल करके होगी। विस्तार से मंत्रिपरिषद में सदस्यों की कुल संख्या 20 हो जायेगी। परिषद के सभी सदस्य भाजपा विधायक हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में 16 सदस्यीय मंत्रिपरिषद शामिल है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि विधायकों को 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि निम्नलिखित सहयोगी 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे हमारे मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। 1. श्री प्रशांत फूकन, विधायक 2. श्री कौशिक राय, विधायक 3. श्री कृष्णेंदु पॉल, विधायक 4. श्री रूपेश गोला, विधायक। उनमें से प्रत्येक को मेरी शुभकामनाएँ! इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने और खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस सेवन पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधानों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने तथा खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है।



## वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने अमित शाह से मुलाकात की



*** वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद प्रियंका ने केंद्र सरकार से प्रभावित इलाके के लिए मदद मांगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मुलाकात की घोषणा की है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वायनाड के लिए विशेष पैकेज की मांग को लेकर मुलाकात की। 30 जुलाई को केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार से प्रभावित इलाके के लिए मदद की अपील की है। भूस्खलन से हुए तबाही में हजारों लोग प्रभावित हुए और बड़े नुकसान में पहुंचे। प्रियंका गांधी ने कहा कि वायनाड के लिए सकारात्मक दिशा में कदम उठाने की जरुरत है। उन्होंने अमित शाह से वायनाड के लोगों की मदद को लेकर सहायता की अपील की है। इस मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ से वायनाड को काफी नुकसान हुआ है और वहां के लोगों को राहत फंड की आवश्यकता है। प्रियंका गांधी ने राजनीति को पारे रखते हुए अपील की है कि वायनाड के लोगों को हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी वायनाड के पीड़ित लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना था। अब उन लोगों को उम्मीद है कि वे मदद पा सकेंगे। थिम्नेंटजे उपचुनाव में जीत हासिल कर सांसद बनने के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लिए उचित मदद की मांग की थी। उनके प्रयासों का सामर्थन करने के लिए वायनाड के लोग उन्हें पूरी तरह से समर्थन दे रहे हैं।

# महाराष्ट्र में महायुति को सत्ता तक पहुंचाने वाली लड़की बहन योजना की होगी जांच

*** खंगाले जाएंगे ढाई लाख आवेदन**




**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में महायुति को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में लड़की बहन योजना का बड़ा योगदान माना जा रहा है। इसी के दम पर महाराष्ट्र चुनाव जीतने का दावा किया गया। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए सीएम बनने जा रहे हैं। इसी बीच अब लड़की बहन योजनाओं में खामियों की बात सामने आ रही है। ढाई लाख लाभार्थियों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस संबंध में मीडिया रिपोर्ट्स के बाद महाराष्ट्र के महिला एंव बाल विकास मंत्रालय की तरफ से सफाई दी गई। रिपोर्ट के अनुसार नई सरकार लड़की बहन के सभी आवेदनों में से 1 प्रतिशत की फिर से जांच करेगी।

विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कि लड़की बहन योजना के कुल 2.5 करोड़ लाभार्थी हैं। फिलहाल कमियों को दूर करने के लिए आवेदनों में से 1 प्रतिशत का ऑडिट करने की योजना है। बाद में चरणबद्ध तरीके से सैंपल की जांच की जाएगी। लड़की बहन योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार मौजूदा समय में महाराष्ट्र की महिलाओं को 1,500 रुपये हर महीने दे रही है। सरकार का प्लान इसे बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का है। बताया जा रहा है कि दिसंबर में नई सरकार के तहत योजना को आगे बढ़ाने से पहले ऑडिट पूरा हो जाने की संभावना है।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टैक्स-पेयर का पैसा केवल वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे। मल्टी-लेवल वैरिफिकेशन सिस्टम को अपनाया जाएगा। एक बहुस्तरीय सत्यापन प्रणाली इस प्रक्रिया को अंजाम देगी। लड़की बहन योजना की एलिजिबिलिटी के लिए भूमि स्वामित्व पर 5 एकड़ की सीमा है। साथ ही फैमिली इनकम 2.5 लाख रुपये तक होना अनिवार्य है। बताया गया कि अप्लाई करने वाली महिलाओं के आयकर प्रमाण पत्र, रिटायरमेंट पेंशन विवरण और वाहन स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। योजना में प्रति परिवार दो महिलाओं को लाभ सीमित किया गया है। सरकार की योजना डोर-टू-डोर सर्वे करने की है। अधिकारियों ने कहा कि यह जांच जरूरी थी। फाइनेंस और डब्ल्यूसीडी विभागों ने सभी आवेदनों की गहन जांच का प्रस्ताव दिया है। अबतक इस योजना के तहत पांच किस्तें दी जा चुकी हैं। दिसंबर के लिए छठी किस्त पहली कैबिनेट बैठक के बाद जमा होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्हें स्पेशल सप्लीमेंट्री बजट के जरिए बढ़ी हुई राशि के लिए अतिरिक्त पैसा जारी करना होगा। महाराष्ट्र के वित्त विभाग के अधिकारियों ने कहा कि संभावित धोखाधड़ी के दावों और पैसों के दुरुपयोग की चिंताओं को दूर करने के लिए जिला स्तर पर जांच की जाएगी।

## मैं अपना डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार, मुख्यमंत्री भी डीएनए की जांच कराएं : अखिलेश यादव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डीएनए वाले बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने डीएनए की जांच करवाने के लिए तैयार हैं बशर्ते मुख्यमंत्री भी अपने डीएनए की जांच कराएं। योगी ने अयोध्या में रामायण मेले के उद्घाटन के बाद विपक्षी दलों पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि अयोध्या व संभल में मुगल शासक बाबर की सेना ने जो किया और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, उसका डीएनए एक ही है। अखिलेश ने कानपुर में संवाददाताओं से कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री कितना विज्ञान जानते हैं और उन्होंने कितनी बायोलॉजी पढ़ी है लेकिन मैं उनसे अनुरोध करना चाहता हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'आपके (मीडिया) जरिए मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। अगर वह डीएनए के बारे में बात करते हैं तो मैं डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार हूं और मुख्यमंत्री को भी अपना डीएनए टेस्ट कराना चाहिए।' अखिलेश ने कहा, 'डीएनए की बात करना उन्हें (मुख्यमंत्री योगी को) शोभा नहीं देती। एक संत, भगवा वस्त्र धारण किए एक योगी होने के नाते उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।' अखिलेश यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।



## उमर अब्दुल्ला का आरोप, सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को बनाया जा रहा निशाना



**श्रीनगर (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज पार्टी के संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला को उनकी 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अब एक सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। ये बात मैंने बार-बार कही है। उन्होंने आगे कहा कि आप कहते हैं कि आप मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं करेंगे, तो ऐसा न करें, हम तुष्टिकरण नहीं चाहते। लेकिन हमें निशाना मत बनाओ।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारी मस्जिदों, दरगाहों और जिस तरह हम अपने धर्म का पालन करते हैं उस पर हमला करके आप हमें प्रताड़ित कर रहे हैं और यह वह भारत नहीं है जिसका जम्मू-कश्मीर हिस्सा था। यह वह भारत नहीं है जिसकी हमारे संस्थापकों ने कल्पना की थी। पूर्व सांसद और एनसी विधायक हसनैन मसूदी ने कहा कि यह सब पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम के खिलाफ है। संभल में जो हुआ और अन्य स्थानों पर जो प्रयास किए जा रहे हैं - ये विभाजनकारी ताकतें हैं...ऐसी ताकतें हैं जो लोगों के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रही हैं। यह राष्ट्रहित में नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने सुखबीर बादल पर हमले को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल सुखबीर बादल पर हमले के बाद मैंने उनसे बात की. हमने स्थिति के बारे में बात की, जाहिर है, कुछ चीजें जो उन्होंने मेरे साथ साझा कीं, वे सार्वजनिक उपभोग के लिए नहीं हैं। लेकिन अगर दिन के उजाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री पर इस तरह से हमला हो सकता है तो ये चिंता की बात है। जाहिर है, इस पर गौर करने की जरूरत है. यह कैसे हुआ और यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में ऐसा न हो।

## पाकिस्तान पहुंची अंजू दिल्ली में खरीदना चाह रही घर...नसरुल्ला भी आने को तैयार

*** सभी नियमों का किया पालन, लेकिन बना दिया गया विलेन**



**भिवाड़ी (एजेंसी)।** राजस्थान से पाकिस्तान पहुंची अंजू अब वापस भारत आने और दिल्ली एनसीआर में एक घर खरीदने की तैयारी में हैं। एक साक्षात्कार के दौरान अंजू ने बताया कि, उसने पाकिस्तान टूर के लिए सभी नियमों का पालन किया था, लेकिन उसे विलेन बना दिया गया।

अंजू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पाकिस्तान टूर को लेकर उसके परिवार को ताने दिए गए, जिससे मेरे और मेरे परिवार के बीच दूरियां बढ़ गईं। उसने कहा कि अब वो सिंगल महिला है और उसके बच्चे भी उसके पास हते हुए खुश हैं। इसके साथ ही वह भारत लौटेगी और अब सारे सवाल खत्म हो गए हैं।

यहां बताते चलें कि अंजू तब सुर्खियों में आईं थी जब वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान में बैठे अपने फेसबुक फ्रेंड से बने प्रेमी नसरुल्ला से मिलने पाकिस्तान पहुंच गई। पाकिस्तान जाकर अंजू ने नसरुल्ला से निकाह किया और अपना नाम फातिमा रख लिया। इसके बाद अंजू जब वापस भारत आईं, तो अपने पाकिस्तान टूर को लेकर तमाम सवालों के जवाब भी दिए। इस बीच एक बातचीत में अंजू ने कहा, कि मेरे परिवार को बहुत कुछ सुनना और सहना पड़ा है, लेकिन अब सब ठीक हो गया है। मैं अब अपने बच्चों के लिए जीना चाहती हूं और उन्हें काबिल बनाना चाहती हूं। अंजू ने कहा कि खुद का घर खरीदने की योजना बना रही हूं, ताकि किसी के अधीन न रहूं। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है, लेकिन अब परिवार साथ है, तो हर मुश्किल का सामना कर सकती हूं। इसी के साथ अंजू ने कहा कि नसरुल्लाह भी पाकिस्तान से भारत आने की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद इसके दोनों को ही कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# एकनाथ शिंदे युग खत्म हुआ, उन्हें किनारे कर दिया गया है... फडणवीस के शपथ ग्रहण से पहले संजय राउत का तंज



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के शासन का युग खत्म हो गया है और दावा किया कि वह फिर कभी इस राज्य के सीएम नहीं बनेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर उनका इस्तेमाल करने और किनारे कर देने का आरोप लगाया. ऐसा एक दिन बाद हुआ जब भाजपा ने सर्वसम्मति से महाराष्ट्र में शीर्ष पद के लिए देवेंद्र फड़नवीस को चुना।

संजय राउत ने ने कहा शिंदे युग ख़त्म हो गया, वो सिर्फ़ दो साल के लिए था। उसका प्रयोग है। उन्होंने भाजपा पर अपनी राजनीतिक रणनीति का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये शिंदे की पार्टी भी तोड़ सकते हैं, ये तो हमेशा से बीजेपी रही है। यह सवाल करते हुए कि बहुमत होने के बावजूद महायुति गठबंधन को सरकार बनाने में 15 दिन क्यों लगे, राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर संभावित दरार का संकेत दिया और कहा कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस आज से राज्य के सीएम होंगे। बहुमत होने के बावजूद सरकार बनाने के लिए 15 दिन का समय, राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर संभावित दरार का संकेत दिया और कहा कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे महाराष्ट्र या देश के हित में काम नहीं कर रहे हैं। वे अपने स्वार्थ के कारण एक साथ आए हैं...लेकिन राज्य भर में लोग चुनाव नतीजों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं, जिससे उन्हें यह मंजूर नहीं है।% फिर भी आज प्रदेश को सीएम मिल रहा है, हम उनका स्वागत करते हैं।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह महाराष्ट्र के लोगों से की गई अपनी सभी प्रतिबद्धताओं पर खरे उतरेंगे। सीएम का चेहरा तय करने में सरकार को 10 दिन से अधिक का समय लग गया...तीनों के बीच इतने सारे मतभेदों को देखते हुए, मुझे उम्मीद है कि महाराष्ट्र के लोगों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की रणनीति अपने राजनीतिक सहयोगियों की पीठ में छुरा घोंपने की रही है। शिरोमणि अकाली दल, शिव सेना...वे (भाजपा) अपनी सुविधा के अनुसार इस्तेमाल करते हैं और फेंक देते हैं।

# देश के सबसे बड़े बैंक में निष्क्रिय खातों पर नजर

**- लोग सरकारी पैसे लेने के लिए खाता खोलते है, पैसे निकालकर खाता भूल जाते हैं'**

**नई दिल्ली ।**

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि कई खाताधारक जिन्होंने सरकारी कार्यक्रमों के तहत वित्तीय मदद हासिल करने के लिए खाते खोले हैं, वे एक सीमित संख्या में लेनदेन ही करते हैं। इसके बाद उनके खाते निष्क्रिय हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे खातों के लिए बैंक नए नियमों के लागू होने की स्थिति में है। इसके अलावा एसबीआई ने सप्ताहांत में निष्क्रिय खातों के खिलाफ एक विशेष अभियान भी घोषित किया है। लेकिन निष्क्रिय खातों की सटीक संख्या के बारे में जानकारी नहीं है।

चेयरमैन ने आरबीआई को इस मुद्दे पर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रस्तावित किए गए नियमों पर सहमति जताई है। इससे पहले एसबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-वित्तीय लेनदेन को सक्रिय करने के लिए नियमों में बदलाव करने की मांग की थी। इसके अलावा खाते की चालू राशि की जांच जैसे गैर-वित्तीय लेनदेन पर भी ध्यान देने की मांग की गई थी।




# नए निर्यात अवसर: ट्रंप की निर्यात नीति और भारत

**- भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए**

**नई दिल्ली ।**

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर लगाए गए उच्च सीमा शुल्क की घोषणा भारत के लिए नए निर्यात अवसरों को खोल सकती है। उनका मानना है कि ये कदम भारत के लिए सकारात्मक संकेत हो सकते हैं और भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और चीन से आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। सुब्रमण्यम के अनुसार ये कदम भारत के व्यापार में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं और भारत के लिए बहुत बड़े अवसरों का द्वार खोल सकते हैं। इस समय, भारत अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और पिछले वर्ष भारत ने अमेरिका को 77.51 अरब डॉलर के मूल्य में माल भेजा था। इस संदर्भ में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने भी व्यापार घाटे के मुद्दे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। उनका कहना है कि व्यापार केवल निर्यात के बारे में ही नहीं होता, बल्कि आयात भी उसी महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण समय पर भारत को अपने व्यापार सम्बंधों में मजबूती बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने की आवश्यकता है। व्यापारिक दृष्टि से भी, यह अवसर भारत के गतिशील और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के लिए एक सुनहरा अवसर हो सकता है।




# एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के 1.6 करोड़ ग्राहकों का डेटा लीक

**लीक हुए डेटा में सेंसिटिव ग्राहक जानकारी हैं, ग्राहक अलर्ट रहें**

**नई दिल्ली ।**

साइबर सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन साइबरपीस की रिसर्च विंग ने कहा कि एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के 1.6 करोड़ ग्राहकों का डेटा डार्क वेब फोरम पर 2,00,000 यूएसडीटी (टेथर क्रिप्टोकरेंसी) में बिक रहा है। साइबरपीस का कहना है` कि लीक हुए डेटा में सेंसिटिव ग्राहक जानकारी हैं, जिसमें पॉलिसी नंबर, नाम, मोबाइल नंबर, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल एड्रेस, एड्रेस, हेल्थ स्टेटस आदि शामिल हैं। पॉलिसी नंबर और पर्नल डिटेल्स लीक होने के कारण साइबरपीस ने लोगों से कहा है कि वे अलर्ट रहें। पिछले महीने के आखिर में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि डेटा लीक के कुछ मामले सामने आए हैं और वे इस उल्लंघन के संभावित असर का आकलन कर रहे हैं। एचडीएफसी लाइफ ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि हमें एक अज्ञात सोर्स से सूचना हासिल हुई है, जिसने हमारे ग्राहकों के कुछ डेटा फील्ड को हमारे साथ शेयर किया है। संभावित असर का आकलन करने के लिए इसकी आगे की जांच जारी है। साइबरपीस के मुताबिक 1.6 करोड़ ग्राहकों के डेटा को 100,000 रिकॉर्ड से शुरू करके छोटी मात्रा में बेचा जा रहा है। साइबर सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन ने कहा` कि इस उल्लंघन के लिए जिम्मेदार साइबर क्रिमिनल की पहचान अज्ञात है। साइबरपीस की जांच से पता चलता है कि हैकर्स ने पहले ही इंटरेस्टेड पार्टीज को डेटा का बड़ा हिस्सा बेच दिया है, जिससे इसके दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। अक्टूबर में भी स्टार हेल्थ को लेकर कुछ ऐसी ही रिपोर्ट्स सामने आई थीं, जिसमें बताया गया था कि स्टार हेल्थ के ग्राहकों का डेटा बिक्री के लिए उपलब्ध था। हैकर्स ने कथित तौर पर स्टार हेल्थ के 3.1 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों से संबंधित पूरे 7.24 टीबी डेटा को 150,000 डॉलर में एक वेबसाइट पर बिक्री के लिए डाल दिया था।




# ऑडी इंडिया के नए साल में बदल जाएंगे सभी माडल्स के दाम



**नई दिल्ली ।**

ऑडी इंडिया ने अपने सभी मॉडलों की कीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया है, जो 1 जनवरी 2025 से लागू होंगी। ऑडी इंडिया ने सोमवार को घोषणा की कि उनके सभी वाहन जनवरी 2025 से तीन प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। ऑडी इंडिया भारत में ए4, ए6, क्यू3, क्यू5 और क्यू7 जैसे प्रीमियम मॉडल्स बेचती है।

कंपनी ने कहा कि बढ़ी हुई लागत, मुद्रास्फीति के दबाव और परिचालन खर्चों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ÷कीमतों में यह संशोधन कंपनी और डीलर भागीदारों के लिए स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। हम ग्राहकों पर इसका असर कम से कम डालने की कोशिश करेंगे।÷बीएमडब्ल्यू इंडिया ने भी अपने सभी मॉडलों की कीमतें तीन प्रतिशत तक बढ़ाने का ऐलान किया है। नई दरें 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी ने कहा कि यह वृद्धि बाजार की मौजूदा परिस्थितियों और लागत बढ़ने के कारण आवश्यक है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भी अपने वाहनों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की वृद्धि का ऐलान किया है। कंपनी ने बताया कि भारत में उनके लोकप्रिय मॉडल्स की कीमतों में लाखों रुपये तक का इजाफा होगा। अगर आप किसी लग्जरी कार को खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो दिसंबर ही आपके लिए सबसे बेहतर मौका है। 1 जनवरी के बाद इन सभी ब्रांड्स की कारें महंगी हो जाएंगी।

कीमतों में यह बढ़ोतरी ऑटो सेक्टर में लागत और परिचालन खर्चों को संभालने के लिए अनिवार्य मानी जा रही है। नया साल लग्जरी कार खरीदने वालों की जेब पर भारी पड़ सकता है। बता दें कि दिसंबर का महीना खत्म होते ही नए साल की शुरुआत के साथ कई ऑटो कंपनियां अपने वाहनों की कीमतों में इजाफा करने की तैयारी कर रही हैं। पहले ही मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार निर्माता कंपनियां कीमत बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं। अब इस फेहरिस्त में ऑडी इंडिया का नाम भी जुड़ गया है।

# दूरसंचार विभाग की पीएलआई के विस्तार की योजना

**- विभाग की आगामी बजट के अंतर मंत्रालय परामर्श में पीएलआई का विस्तार प्रमुख मांग होगी**

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार विभाग ने कहा है कि वह उत्पादों से जुड़ी उत्पादन से प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के विस्तार को बढ़ावा देने पर विचार कर रहा है। पीएलआई के विस्तार का मकसद दूरसंचार उपकरणों व नेटवर्क उत्पादों का घरेलू स्तर पर अधिक उत्पादन और 4जी व 5जी के गीयर के निर्यात की मांग को तेजी से पूरा करना है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग की आगामी बजट के अंतर मंत्रालय परामर्श में पीएलआई का विस्तार प्रमुख मांग होगी। अधिकारियों ने कहा कि नए निवेश को आकर्षित करने के लिए इस योजना को बेहतर किया गया है। सितंबर के अंत तक 42 पीएलआई लाभार्थी प्रतिबद्ध किए गए 4,115 करोड़ रुपये में से 3,925 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। इस निवेश से 44,000 लोगों को नौके रियां मिलने के का कहा गया था लेकिन 24,980 नौकरियों का ही सृजन हो सका है। अधिकारियों के अनुसार विभाग का लक्ष्य संशोधित योजना के बूते अधिक नौकरियों की संख्या को हासिल करना है। दूरसंचार विभाग के अनुसार भारत पीएलआई योजना के तहत 60 प्रतिशत आयात प्रतिस्थापना का लक्ष्य हासिल कर चुका है। इससे भारत सिंगल ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल कर पाइंट से मल्टीपाइंट नेटवर्क, ग्राहक परिसर उपकरण (सीपीई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) में इस्तेमाल होने वाले एंटीना, गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क गीयर में करीब-करीब आत्मनिर्भरता प्राप्त कर चुका है। हालांकि 2024 तक 4जी और 5जी के सभी उपकरणों का निर्यात के लक्ष्य को हासिल करना बाकी है। अधिकारी का कहना है` कि ऑप्टिकल उपकरणों, स्विच और राउटर्स के निर्यात की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। लिहाजा 5जी तकनीक का उपयोग करने वाले प्रमुख देशों की मांग पूरा करने के लिए अधिक मदद की जरूरत है। भारत की नीति में निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत की दूरसंचार तकनीक में निवेश करने के लिए कीनिया, मॉरीशस, पापुआ न्यू गिनी सहित कई देशों ने रुचि दिखाई है। इस योजना की शुरुआत 2021 में की गई थी और इसमें पांच साल के लिए 12,195 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया था।

## विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ 11 दिसंबर को खुलेगा

**आईपीओ के दस्तावेजों के अनुसार इसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं**

**नई दिल्ली ।** भारत के सुपरमार्केट सेगमेंट की अग्रणी कंपनी विशाल मेगा मार्ट ने घोषित किया है कि वह 8,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आयोजन 11 दिसंबर को करेगी। यह आईपीओ 13 दिसंबर तक खुला रहेगा और बड़े निवेशक 10 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। आईपीओ के दस्तावेजों के अनुसार इसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है और इसे पूरी तरह से प्रवर्तक समयत सर्विसेज एलएलपी के द्वारा शेयरों की बिक्री पेशकश की जा रही है। विशाल मेगा मार्ट की वर्तमान मालिकी में समयत सर्विसेज एलएलपी की 96.55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विशाल मेगा मार्ट के संयोजकों ने बताया कि साल 2024 तक उनके पास भारत में 626 सक्रिय स्टोर होंगे, जिनमें उनकी एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट भी शामिल होगी। विशाल मेगा मार्ट के इस आईपीओ का अवलोकन वित्तीय बाजार में बड़े ही उत्साह से किया जा रहा है और उम्मीद है कि यह अच्छे सम्पत्ति चयन का माध्यम बन सकता है।



## बिटकॉइन के भाव ने पार किया 100,000 डॉलर का स्तर

**- पिछले महीने चुनावों के बाद से बिटकॉइन की मांग और मूल्य दोनों में हो रही बढ़ोतरी**

**न्यूयॉर्क ।** दुनिया की सबसे प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, ने 100,000 अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर दिखाया है। इस भारी उछाल के पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नामितीकरण के संदेश हो सकते हैं। ट्रंप ने हाल ही में पॉल एटकिंस को प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के नए अध्यक्ष नामित किया था। इस चयन से क्रिप्टोकरेंसी के प्रति उनके सावधान रुख का संकेत मिला और बिटकॉइन के भाव में तेजी आई। ट्रंप ने अटकिंस को उनके एक पूर्वाधिकारी गेर्ज डब्ल्यू बुश के राष्ट्रपति काल के दौरान एसईसी के आयुक्त नामित किया था। पिछले महीने के चुनावों के बाद से बिटकॉइन की मांग और मूल्य दोनों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद बिटकॉइन ने नई मील स्तंभ का निशाना साबित किया है और सभी दिशाएं इसके अगले कदम की ओर इशारा कर रही हैं।

## सिग्नेचर ग्लोबल का बड़ा कदम: नोएडा और ग्रेटर नोएडा में नई उत्थान योजना

**- कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ की बिक्री बुकिंग का अनुमान लगाया**

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट उद्योग में एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत की चुनौतीपूर्ण बाजार में अपनी अपूर्व क्षमताओं के साथ पहचान बनाने वाली कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रवेश करने की तैयारी में है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि सिग्नेचर ग्लोबल ने यह निर्णय लिया है कि वे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, और यमुना एक्सप्रेसवे में जमीन के तलाश करेंगे। उन्होंने इस योजना को गुरुग्राम के बाजार से परे जमीन में अपने कारोबार का विस्तार करने की योजना बताई। अे धिकारी ने हाल ही में एक उद्घाटन समारोह में कहा कि हमारा लक्ष्य इस वर्ष बिक्री बुकिंग में 25 प्रतिशत की वृद्धि करना है। हम आशा करते हैं कि हम नोएडा में अपनी पहली कदम रखेंगे और उससे उत्थानी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा` कि हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का अनुमान लगाया है। हमने इस वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 5,900 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल कर ली है।' पहले छह महीनों में मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए हमें अपने वार्षिक लक्ष्य से अधिक हासिल करने की पूरी उम्मीद है।' सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में तीन गुना होकर 5,900 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 1,860 करोड़ रुपये थी। इस समाचार ने रियल एस्टेट बाजार में एक नया उत्साह भर दिया है और सिग्नेचर ग्लोबल की नैतिकता और उद्दीपन की दिशा में प्रस्थान किया है। यह कदम उम्मीदवार है कि उद्यमियों को और भी सफलता की ओर ले जाएगा।


# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 809 अंक उछला

**निफ्टी 24,708 पर बंद**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी कंपनियों के शेयरों में उछाल आया। इस दौरान बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1 फीसदी बढ़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 809.53 अंक या 1.00 फीसदी की शानदार बढ़त लेकर 81,765.86 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 240.95 अंक तकरीबन 0.98 फीसदी बढ़कर 24,708.40 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त पर बंद हुए। टीसीएस, इंफोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल और बजाज फाइनैंस सेंसेक्स के टॉप-5 गेनर्स रहे। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, एचयूएल, पावर ग्रिड, एमएंडएम, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, रिलायंस, टाटा स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, एसबीआईद्ध, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी बैंक और आईटसी के शेयर भी लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में केवल 3 शेयर ही गिरावट पर बंद हुए। एनटीपीसी में 0.98, एशियन पेंट्स में 0.30 और इंडसइंड बैंक में 0.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। आज निफ्टी के 41 शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। केवल 9 शेयरों में गिरावट आई। आईटी शेयरों ने बाजार में सबसे ज्यादा उछाल रहा। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.95 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ, जिसमें टीसीएस, इंफोसिस और एलटीआईमाइंडट्री सबसे आगे रहे। ये इंडेक्स इंट्राडे ट्रेड के दौरान 45,027.95 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स को छोड़कर, अन्य सेक्टोरल इंडेक्स भी बढ़त पर बंद हुए। व्यापक बाजारों की बात करें तो निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स 0.57 फीसदी और 0.83 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार में हल्की बढ़त थी। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। यह बढ़त अमेरिकी बाजारों में मजबूती को देखते हुए आई है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 129.52 अंक बढ़कर 81,085.85 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 29.70 अंक ऊपर चढ़कर 24,497 पर पहुंच गया




## वनप्लस अगले तीन साल में भारत में करेगी 6,000 करोड़ का निवेश

**- वनप्लस ने प्रोजेक्ट स्टारलाईट की शुरुआत करने का निर्णय लिया**



**नई दिल्ली ।** वनप्लस चीन की एक प्रमुख स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ने भारत में व्यापार में बड़ी निवेश योजना की घोषणा की है। कंपनी की इस योजना के अनुसार अगले तीन सालों में वनप्लस भारतीय बाजार में 6,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी। वनप्लस ने प्रोजेक्ट स्टारलाईट की शुरुआत करने का निर्णय लिया है, जिसमें कंपनी भारत में उत्पाद नवाचार को बढ़ावा देने और सेवाओं में सुधार करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रोजेक्ट स्टारलाईट निवेश की मुख्य धाराओं में अधिक टिकाऊ उपकरण बनाने, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता बढ़ाने और भारत-विशिष्ट विशेषताओं को विकसित करने का उद्देश्य है। वनप्लस के भारत में एक प्रमुख अे धिकारी ने इस निवेश की उच्च प्राधान्यता को दर्शाते हुए कहा कि भारत उनके लिए प्रमुख बाजार है और वे भारतीय समुदाय का साथ और समर्थन प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह निवेश कंपनी के ब्रांड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और उत्पादों और सेवाओं में नवाचार लाने में मदद करेगा। वनप्लस की यह बड़ी निवेश भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक नया मुकाम स्थापित कर सकती है और वनप्लस को भारत में एक मान्य ब्रांड बनाने में मदद कर सकती है।

## हुंदै एक जनवरी से अपने वाहनों की कीमत 25,000 तक बढ़ाएगी

**- मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी**


**नई दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अपने विभिन्न मॉडल वाहनों की कीमतों में एक जनवरी 2025 से 25,000 रुपये तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने बताया कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि, प्रतिकूल विनिमय दर और लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। इस निर्णय के साथ कंपनी ने यह सुनिश्चित किया कि मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी और इसकी सीमा 25000 रुपये तक होगी। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने यह निर्णय कहा कि एक मूल्य समायोजन के जरिये वहन करना अनिवार्य हो गया है, क्योंकि कंपनी ने हमेशा ग्राहकों पर कम प्रभाव डालने का प्रयास किया है। वर्तमान में एचएमआईएल की विभिन्न वाहन श्रृंखला की कीमत 5.92 से 46.05 लाख रुपये के बीच है। उन्होंने बताया कि यह मूल्य वृद्धि 2025 के सभी मॉडलों पर प्रभावित होगी।

# भारतीय एडटेक सेक्टर में सुधार के संकेत

**- साल 2024 में अभी तक 68 सौदों में 60.88 करोड़ डॉलर की रकम जुट चुकी है**

**नई दिल्ली ।**

वित्तीय वर्ष 23-24 में भारतीय एडटेक क्षेत्र में आंकड़ों में एक निरंतर सुधार का संकेत मिल रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन ने पिछले वर्ष की तुलना में एडटेक सेक्टर में रकम जुटाने में 153 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस सुधार के परिणामस्वरूप साल 2024 में अभी तक 68 सौदों में 60.88 करोड़ डॉलर की रकम जुट चुकी है। इसके पूर्व वित्त वर्ष में 106 सौदों में सिर्फ 24.09 करोड़ डॉलर ही जुटाई गई थी। इस सुधार का मुख्य कारण है निवेशकों की रुचि जोर देने में। उन्हें वहां निवेश करने के लिए कंपनियों की खोज हो रही है जो अच्छे प्रदर्शन और दमदार संभावनाओं के साथ निकासी कर रही हैं। फिजिक्स वाला ने भी अपने मूल्यांकन में दोगुना कायम किया है। इसे 21 करोड़ डॉलर की राशि जुटा कर अब 2.8 अरब डॉलर का मूल्यांकन मिला है। एकौरेडटिक्स की तरफ से भी एक बड़ा उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने टीपीजी के द राइज फंड में 15 करोड़ डॉलर की रकम जुटाई और अब उनका मूल्यांकन 3.2 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि इस सुधार के साथ कुछ कंपनियों का संघर्ष भी जारी है। वित्त वर्ष 23 में वेदांतु का घाटा 46 प्रतिशत तक कम हो गया है, जबकि अनएकेडमी का राजस्व 5 प्रतिशत घटकर रह गया है। इसके बावजूद, कुशल कारोबारों की कंपनियां जैसे फिजिक्स वाला, एरुडिटस और अपग्रेड बाजार के अग्रणी बन रही हैं। एडटेक सेक्टर में यह सुधार निवेशकों के लिए एक अच्छी खबर है और उन्हें कंपनियों में निवेश के लिए और भी उत्सुक कर रहा है। इस विकास के साथ, कुशल एडटेक कारोबारों के उभरने का समय आ गया है और नए संभावित क्षेत्रों में निवेश का दौर शुरू हो चुका है।




## प्रिस्टीन वैल्यू लॉजिस्टिक्स ने अंतरिक्ष समूह के साथ किया समझौता

**कंपनी भिवंडी में 165,000 वर्ग फुट क्षेत्र भूमि का अधिग्रहण करेगी**

**मुंबई ।** लॉजिस्टिक्स कंपनी प्रिस्टीन वैल्यू लॉजिस्टिक्स ने भिवंडी में अपने सुविधाओं को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने 165,000 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र का अधिग्रहण किया है और दीर्घकालिक पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम से कंपनी अपनी गोदाम क्षमता को बढ़ाकर बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी। प्रिस्टीन लॉजिस्टिक्स के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने इस संदर्भ में बताया कि यह विस्तार की रणनीति समूह के समग्र दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है। उन्होंने बताया कि ग्रहणन क्षेत्र का निर्माण ध्यान में रखकर किया गया है ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की सामर्थ्य मिल सके। वर्तमान में कंपनी के पास भिवंडी में 11,00,000 वर्ग फुट का भंडारण स्थान है, जिसमें प्रतिदिन 35,000 से अधिक डिब्बे संभाले जा सकते हैं। यह स्थान कंपनी को अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा और उन्हें अपनी व्यापक लॉजिस्टिक्स सेवाएं और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार करने का मौका देगा।

# पुरुष जूनियर एशिया कप: भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर जीता खिताब




**मस्कट, (एजेंसी)।** अराइजीत सिंह हुंदल के चार गोलों की बदौलत भारत ने बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसी के साथ भारत पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई है। आज यहां ओमान के मस्कट खेले गये फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मैच के तीसरे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके एक मिनट बाद भारत के अराइजीत सिंह हुंदल ने पेनल्टी कार्नर की मदद से चौथे मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके बाद भारत के अराइजीत सिंह हुंदल ने एक बार फिर कमाल करते हुए दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में गोलकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। पाकिस्तान के लिए सुफियान खान ने 30वें और 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद दोनों टीमों का स्कोर तीन-तीन से बराबर रहा। चौथे क्वार्टर मे अराइजीत सिंह हुंदल ने 47वें मिनट में मैदानी गोल और उसके बाद 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर को 5-3 कर भारत की जीत सुनिश्चत कर दी। भारतीय ने लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीता है। भारत ने 2023 में भी टूर्नामेंट का चैंपियन रहा था। इससे पहले भारत ने 2015 और 2008 और 2004 में भी यह खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार को सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था।

# गोवा ने लगाई जीत की हैट्रिक,
## हैदराबाद एफसी के खिलाफ बटोरे पूरे तीन अंक



**हैदराबाद (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी का अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हारने का सिलसिला जारी है। मेजबान टीम को अपने घर पर खेले चौथे मैच में भी हार मिली, जब एफसी गोवा ने बुधवार रात आईएसएल 2024-25 में जीत की हैट्रिक पूरी करते हुए मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया।

एफसी गोवा की जीत में राइट विंगर उदांता सिंह ने 33वें और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने 44वें मिनट में गोल किए। स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना को दूसरा गोल करने और मिडफील्ड में दमदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर आ गई है।

वहीं, अपनी टीम की लगातार तीसरी हार से हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंगटो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने छठी बार जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद ने तीन मैच जीते हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

मैच का पहला गोल 33वें मिनट में आया, जब राइट विंगर उदांता सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। 44वें मिनट में स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

पहले हाफ में दबदबा एफसी गोवा का रहा क्योंकि राइट विंगर उदांता सिंह और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, एफसी गोवा 2-0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण एफसी गोवा का 62 फीसदी रहा। गोवा ने छह प्रयास किए और दो शॉट टारगेट पर रखे, जिन पर गोल आए। वहीं, गेंद पर 38 फीसदी कब्जा रखने वाली हैदराबाद एफसी की ओर से आठ प्रयास किए गए, जिनमें से तीन शॉट टारगेट पर भी रहे लेकिन गोल नहीं आया।

# केएल राहुल और जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे, रोहित शर्मा इस क्रम पर करेंगे बल्लेबाजी



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आज कहा कि शुक्रवार से एडिलेड में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी की शुरुआत और वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। मैच से पहले गुरुवार को रोहित ने कहा, 'वह पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा मैं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा।'

मध्य क्रम में अपनी बल्लेबाजी को लेकर रोहित ने कहा, 'यह एक अभ्यास मैच था। इसी कारण से हमने अधिक कुछ सोचे बिना, अपना खेल आगे बढ़ाना चाह रहे थे। पहले से ही एक दिन बारिश के कारण धुल चुका था। हम चाह रहे थे कि हमें थोड़ा गेम टाइम मिले। हम मैच के डिटेल के बारे में अधिक कुछ नहीं सोच रहे थे। हमने गुलाबी गेंद के साथ अधिक नहीं खेला है तो हम चाह रहे थे कि हमें इस गेंद के साथ खेलने का अवसर मिले।'

रोहित ने राहुल की अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, 'राहुल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी पारी ने हमें वह स्थिरता दी जिसकी हमें जरूरत थी।' जायसवाल के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा, 'जायसवाल की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई। राहुल के साथ उनकी साझेदारी टर्निंग पॉइंट थी।'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'पर्थ जैसी पिच पर 500 रन बनाना बहुत बड़ी बात है। बाहर से यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इसमें कोई बदलाव करने की भी जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन टीम के लिहाज से यह तकर्संगत भी था। गुलाबी गेंद खेल में एक नया आयाम जोड़ती है। हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और पर्थ से मिली लय को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

# भारत और पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**शारजाह (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने-अपने ग्रुप मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले युद्धजीत गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।


138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज बल्लेबाजी करते हुए महज 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन पर बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंदों में तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद (76) रनों की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (नबाद 67) रन बनाये।

इससे पहले आज यहां यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। आर्यन सक्सेना (नौ) और यायीन राय (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक राज ने इथन डिसूजा (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षत राय (26), मोहम्मद रयान (35) और उद्दीश सुरी (16) रन पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और यूएई की पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने तीन विकेट लिये। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में मोहम्मद रियाजुल्लाह (नाबाद 66), शाहजेब खान (45) और फहम-उल-हक (34) की शानदार पारियों के बाद मोहम्मद हुजैफा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 11वें एकदिवसीय मुकाबले में जापान को 180 से करारी शिकस्त देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम को मोहम्मद हुजैफा आठ रन देकर (पांच विकेट), मोहम्मद अहमद , अहमद हुसैन ने (दो-दो) विकेट तथा फहम-उल-हक ने एक विकेट के कहर का सामना करना पड़ा। जापान की ओर से निहार परमार ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली। जापान के 10 खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 28.3 ओवर में जापान को 68 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 180 रनों से जीत लिया।


इससे पहले आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जापानी गेंदबाजों ने शुरुआत में पाकिस्तान के किसी भी बल्लेबाज को अधिक देर तक पिच पर नहीं टिकने दिया। कप्तान साद बेग (तीन), हारून अरशद (नौ), फरहान यूसफ (10) और फहम-उल-हक (34) और तैय्यब आरिफ (20) रन बनाकर आउट हुये। 25वें ओवर में 100 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां कर पाकिस्तान की टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय शाहजेब खान मोहम्मद रियाजुल्लाह ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शाहजेब खान (45) का विकेट गिरा। मोहम्मद रियाजुल्लाह (66) और अहमद हुसैन (30) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 243 रन बनाये। जापान की ओर से निहार परमार ने दो विकेट लिये। के वाई लेक ,के वॉल,चार्ल्स हिंजे,और तिमुती मूरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। शुक्रवार को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला श्रीलंका से होगा। और इसी दिन दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टीम बंगलादेश से भिड़ेगी।

# बजरंग ने किया किसानों का समर्थन



सोनीपत । ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि वह हमेशा किसानों के साथ रहेंगे। किसानों के दिल्ली कूच की घोषणा को लेकर बजरंग ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि वह किसानों के साथ कल भी थे, और आगे भी रहेंगे। साथ ही कहा, 'यह दुख की बात है कि जब हमारे किसान भाई आंदोलन कर रहे थे, तब उनकी शहादत भी हुई और अब भी आंदोलन जारी है पर उनकी समस्या हल नहीं हुई। किसानों को शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने का अधिकार है पर उन्हें रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे उपराष्ट्रपति ने भी यह सवाल उठाया कि अगर सरकार ने लिखित में किसाने से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का वादा किया था, तो अब तक किसानों को वह क्यों नहीं दिया गया? उनके इस बयान का हम स्वागत करते हैं क्योंकि वह किसानों की आवाज उठाने के लिए आगे आए हैं। किसानों की मुख्य मांग है कि उन्हें अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले जिससे वे अपनी जिंदगी ठीक से चला सकें। यह कोई बड़ी मांग नहीं है; हर व्यक्ति को उसकी मेहनत के अनुसार मूल्य मिलना चाहिए।' इसलिए चाहे वह शंभू बॉर्डर पर आंदोलन हो या किसी और जगह, मेरा समर्थन किसानों के साथ है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जो आंदोलन किया था, वह उनके अधिकारों के लिए था, और राजनीति से परे था।

# विराट को फिर कप्तान बना सकती है आरसीबी : अश्विन



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि विराट कोहली को एक बार फिर से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपना कप्तान बना सकती है। आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए नीलामी के बाद अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उनकी नीलामी बेहतरीन रही। उन्होंने संतुलन बनाए रखा और इंतजार करते हुए जरुरत के अनुसार खिलाड़ी खरीदे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** मेगन शूट (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 46) और फीबी लिचफील्ड (35) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया है।

100 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिय 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में रेणुका सिंह ने फीबी लिचफील्ड (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नौवें ओवर में रेणुका ने एलिस पेरी (एक), बेथ मूनी (एक) को आउट कर भारत को वापसी की उम्मीद जताई। ऐनाबेल सदरलैंड (6) और एश्ली गार्डनर (आठ) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मेगन शॅट को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। प्रिया मिश्रा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। स्मृति मंधाना (आठ) और प्रिया पुनिया (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हरलीन देओल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हरलीन देओन (19) रन को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसके बाद सदरलैंड ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (23) और ऋचा घोष (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 34.2ओवर में 100 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शूट ने पांच विकेट लिये। किम गार्थ, एश्ली गार्डनर,ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पृथ्वी को मिला पीटरसन और वॉटसन का साथ



लंदन । खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अब दो दिग्गज क्रिकेटरों का समर्थन मिला है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने पृथ्वी का बचाव करते हुए उसे एक असाधारण प्रतिभा बताया है। पृथ्वी पिछले काफी समय ये भारतीय टीम से बाहर हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में भी खराब रहा जिस कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में भी कोई खरीददार नहीं मिला। इसके बाद से ही पृथ्वी को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था पर और अब उन्हें पीटरसन और औस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन से समर्थन मिला है। इस युवा को आईपीएल में कोई खरीददार नहीं मिलने का कारण फिटनेस और अनुशासनहीनता को माना जा रहा है पीटरसन ने पृथ्वी से कहा है कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफल होना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना होगा। पृथ्वी ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था पर अब 25 साल की उम्र में वह असफल खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जिसे कोई नहीं लेना चाहता है। आईपीएल में उनकी अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उन्हें 75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर भी खरीदने बोली नहीं लगायी। इसका कारण पूर्व क्रिकेटरों के अनुसार मैदान के बाहर की उनकी नकारात्मक छवि है। पीटरसन ने 'सोशल मीडिया में लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं। अगर पृथ्वी के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे। यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। हाल में इस क्रिकेटर को अधिक वजन के कारण ही मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई पर वहां भी अब तक विफल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम




**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। ये मैच दिन-रात का है और इसलिए गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। इस मैच से कप्तान रोहित शर्मा औ शुभमन गिल टीम में वापसी करेंगे। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में शामिल नहीं थे जबकि शुभमन चोटिल होने के कारण बाहर थे। भारतीय टीम ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में 295 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह दूसरे टेस्ट में भी जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को और आगे ले जाना चाहेगी। पहले टेस्ट में के एल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए शानदार साझेदारी बनायी थी। इसी के बाद से ही सवाल उठ रहे थे कि कप्तान रोहित की वापसी के बाद वह पारी की शुरुआत करेंगे या राहुल और यशस्वी को ही ये जिम्मेदारी देंगे। इस का जवाब रोहित ने दिया है और कहा है कि राहुल और यशस्वी ही पारी शुरु करेंगे और वह मध्यक्रम में जरुरत के अनुसार उतरेंगे। वहीं शुभमन किया जगह पर उतरेंगे ये भी देखना होगा।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से उत्साहित है, इसलिए वह गुलाबी गेंद वाले इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा। रोहित मध्यक्रम में कहीं भी उतरें वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। रोहित और शुभमन अंतिम एकादश में देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी : वॉन



सिडनी । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि पहले टेस्ट में हार का कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी होना रहा। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के इस मैच में उन्हें कभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता नहीं दिखी थी। उनकी बल्लेबाजी में पहले वाली चमक नहीं थी। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम एडिलेड ओवल में 6 दिसंबर को होने वाले दिन-रात के दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से असफल रहा। स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाज भी रन नहीं बना पाये केवल ट्रेविस हेड ही कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये। वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने शतकीय पारियों खेली। जिसके कारण मेजबान टीम को विशाल लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक गये। वॉन ने कहा कि भातरीय टीम एक बार आत्मविश्वास महसूस करने के बाद बेहद खतरनाक हो जाती है और यह पर्थ में दिखाई दिया क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज और खेलने का तरीका आक्रामक था। वॉन ने कहा, भारतीय टीम एक बहुत ही खतरनाक टीम है, खासकर जब उन्हें आत्मविश्वास मिलना शुरू होता है और मुझे लगता है कि हमने पर्थ में यह देखा था। उनके पास वह ऊर्जा और वह आक्रामक स्वभाव है, और यही एक चीज है जिसने मुझे पर्थ में हौरान कर दिया। मुझे पता है कि भारत शीर्ष पर था, लेकिन भारत एक अधिक आक्रामक टीम की तरह लग रहा था। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम की तरह लग रहा था जो बस खेल रही थी। उन्होंने कहा, मैंने कोई आक्रामकता नहीं देखी। यशस्वी के खिलाफ बाउंसर थ्योरी नहीं देखी। मैंने मैदान पर किसी तरह का टकराव नहीं देखा। वॉन ने कहा कि शायद ऑस्ट्रेलियाई टीम को रिटायर्ड बल्लेबाज डेविड वार्नर की कमी खली जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी और मैदान पर टकराव, स्लेजिंग और मजाक के माध्यम से बहुत ऊर्जा और आक्रामकता दिखाई।

# बुमराह , जेनसन और राउफ आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित



**नई दिल्ली (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन और पाकिस्तान के हारिस राउफ को खेल के अलग-अलग प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नवंबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित किया है।

बुमराह को पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लेने के लिए नामांकित किया गया है।

बुमराह ने इस मैच में पहली पारी में तीन जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट के साथ ही कुल आठ विकेट लिए।

वहीं जेनसन ने टी20 और टेस्ट में अपनी टीम को सफलताएं दिलायी हैं। सेंचुरियन में विकेट लेने के अलावा, जेनसन ने सिर्फ 17 गेंदों पर 54 रनों की तूफानी पारी भी खेली। टेस्ट में जेनसन ने श्रीलंका के खिलाफ 11 विकेट लिए। जिसमें पहली पारी में 7-13 विकेट शामिल थे।

इसके अलावा राउफ ने पाकिस्तान के लिए छह एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलते हुए अपने बेहतरीन फॉर्म में वापसी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत मेलबर्न में तीन विकेट लेकर की और सीरीज में बराबरी के लिए अहम पांच विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पर्थ में सीरीज के निर्णायक मैच में राउफ ने दो और विकेट लिए और सीरीज में शीर्ष 10 विकेट लेकर पांच की इकॉनमी रेट से पाकिस्तान को 2-1 से सीरीज जीतने में मदद की। राउफ ने इसके बाद की टी20 सीरीज में भी अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरे मैच में चार विकेट सहित पांच विकेट लिए। इसके अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय में भी तीन विकेट लिए।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# राजकुमार राव ने आदित्य निंबालकर के साथ मिलाया हाथ, इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने इस साल कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपनी दमदार अदाकारी से दिल जीता। वे मिस्टर एंड मिसेज माही के बाद स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर के साथ नजर आए, जिसकी सफलता का जश्न उन्होंने खूब धूमधाम से मनाया था। वे आखिरी बार विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आए। हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। वहीं, अब राजकुमार राव की नई फिल्म को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

## अभिनय के साथ करेंगे फिल्म का निर्माण

रिपोर्ट्स के अनुसार, राजकुमार राव ने अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक आदित्य निंबालकर के साथ हाथ मिलाया है। आदित्य निंबालकर फिल्म सेक्टर 36 का निर्देशन कर चुके हैं। यह नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल फिल्म होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि राजकुमार राव निर्देशक आदित्य निंबालकर द्वारा निर्देशित इस अनाम फिल्म के साथ निर्माता बनने जा रहे हैं।
वहीं, फिल्म की कहानी की बात करें तो यह एक हत्या की पृष्ठभूमि पर आधारित एक डार्क कॉमेडी है। राजकुमार राव को यह विषय इतना पसंद आया कि उन्होंने इसे खुद ही प्रोड्यूस करने का फैसला किया। अभिनेता ने एक निर्माता की जिम्मेदारी ली और फिर नेटफ्लिक्स के साथ डायरेक्ट-टू-डिजिटल डील पर साझेदारी की।
कहा गया कि राजकुमार राव इस अभी तक बिना शीर्षक वाली नेटफ्लिक्स ओरिजिनल फिल्म की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू करेंगे और फिल्म का प्रीमियर अगले साल के अंत तक प्लेटफॉर्म पर होगा। सभी को विषय पसंद आया है और डिजिटल माध्यम पर फिल्म की संभावनाओं को लेकर सभी उत्साहित हैं। यह फिल्म हत्या की जांच की कहानी को दिखाएगी, जिसकी पटकथा काफी दिलचस्प होगी।

## राजकुमार की आने वाली फिल्में

इस फिल्म में राजकुमार राव अब अभिनय के साथ-साथ इसके सह-निर्माता भी बनेंगे। आदित्य निंबालकर निर्देशित इस फिल्म के अलावा राजकुमार राव को एक और फिल्म के लिए भी साइन किया है। इस बारे में जल्द ही ज्यादा जानकारी सामने आएगी। वहीं, बात करें अभिनेता की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वह पुलकित द्वारा निर्देशित मालिक में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग फिलहाल जारी है।



# फिल्मों में अलग किरदार निभा कोंकणा सेन शर्मा ने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया

**बॉलीवुड इंडस्ट्री में कोंकणा सेन शर्मा को उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय के लिए हर जगह प्रशंसा बटोरी है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी कोंकणा अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। कोंकणा ने बचपन से ही अभिनय करना शुरू कर दिया था। इस अभिनेत्री ने 1983 की फिल्म इंदिरा में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने जितनी भी फिल्में कीं, उनमें अपने अभिनय की अलग दमदार छाप छोड़ी। उन्होंने हर फिल्म में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। ऐसे में चलिए जानते हैं कोंकणा की कुछ बेहतरीन भूमिकाओं के बारे में।**

## तलवार

तलवार मोटे तौर पर 2008 के नोएडा दोहरे हत्याकांड पर आधारित थी, जिसमें एक किशोरी और उसके परिवार का नौकर शामिल था। यह फिल्म एक मामले की तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों से जांच की कहानी को दिखाती है, जिसमें पुलिस जांच में उसके माता-पिता हत्या के आरोपों में या तो दोषी पाए जाते हैं या निर्दोष। कोंकणा सेन शर्मा ने फिल्म में एक मां की भूमिका निभाई है। इसमें इरफान खान और नीरज काबी भी मुख्य भूमिका में हैं।

## ओमकारा में इंदु त्यागी के रूप में

कोंकणा सेन शर्मा ने विशाल भारद्वाज की प्रतिष्ठित फिल्म ओमकारा में इंदु त्यागी की भूमिका निभाई थी। एक गांव की साधारण महिला कोंकणा सेन शर्मा ने चरित्र की गहराई में उतर कर उसकी भाषा और बोली पर पूरी पकड़ बना ली, साथ ही चरित्र के लिए अपेक्षित व्यवहार और मासूमियत भी हासिल कर ली। वह एक घरेलू दर्शक से एक ऐसी महिला में बदल जाती हैं, जो अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं उठाती है।

## मिस्टर एंड मिसेज अय्यर में बनीं मीनाक्षी अय्यर

कोंकणा सेन शर्मा के करियर की शुरुआती फिल्मों में से एक में उन्होंने एक तमिल ब्राह्मण महिला की भूमिका में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया, जो गर्व, खुशी और दर्द को अत्यंत स्पष्ट तरीके से व्यक्त करती है। फिल्म के कई दृश्यों में यह बात स्पष्ट है कि वह बिना कोई संवाद बोले सिर्फ अपने हाव-भाव से ही आपके दिल पर वार कर सकती हैं।

## पेज 3 में माधवी शर्मा के रूप में कोंकणा

कोंकणा सेन शर्मा की अब तक की सर्वश्रेष्ठ भूमिकाओं में से एक मधुर भंडारकर की फिल्म पेज 3 में एक महत्वाकांक्षी पत्रकार की भूमिका है। यह फिल्म अपने समय से बहुत आगे थी और इसमें हिंदी फिल्म उद्योग के अंधेरे पक्ष को शानदार ढंग से दिखाया गया था, जिसमें कोंकणा सेन शर्मा केंद्र में थे। उनका चरित्र उनके जीवन की मुश्किलों को दर्शाता है। इसमें अतुल कुलकर्णी, संध्या मृदुल, तारा शर्मा, अंजू महेंद्रू और बोमन ईरानी भी हैं। 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। पेज 3 का निर्देशन मधुर भंडारकर ने किया था और बॉबी पुष्करना और कविता पुष्करना ने इसका निर्माण किया था।



# करण औजला म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए देश आने की कर रहे तैयारी, नए गाने को लेकर भी दी जानकारी

करण औजला भारतीय सिंगर है, वह अपने पंजाबी गानों के लिए देश भर में मशहूर है। वैसे वह ज्यादातर कनाडा में रहते हैं। जल्द ही उनका भारत के कई शहरों में म्यूजिक टूर होने वाला है। इस बात को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। अपने भारत आने की तैयारियों को वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। कुछ देर पहले भी उन्होंने इंस्टाग्राम की स्टोरी सेक्शन में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह पैकिंग करते हुए नजर आ रहे थे।

## म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर हैं खुश

करण औजला ने जो वीडियो अपने सोशल मीडिया अकांउट पर शेयर किया है, उसमें वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। वह वीडियो में अपने दोस्तों से पूछ रहे हैं कि किस तरह के कपड़े पैक करें। इसके बाद वह लगेज बैग के साथ नजर आते हैं। हर वीडियो में भारत का झड़ा उन्होंने टैग किया हुआ है। करण जल्द ही भारत पहुंच जाएंगे। देश के आठ शहरों में वह अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट करने वाले हैं।

## नए गाने की जानकारी भी दी

इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए ही करण औजला ने अपने नए गाने की जानकारी भी दी है। वह टी सीरीज के साथ एक गाना कर रहे हैं, जो कि पांच तारीख को रिलीज होगा। इस गाने का नाम 'आए हाय' है। अपने नए गाने को लेकर भी करण काफी खुश हैं।

## तौबा-तौबा पर अब तक झूम रहे हैं लोग

करण औजला का गाना 'तौबा-तौबा' इसी साल विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' में सुनने को मिला था। शादियों के इस सीजन में भी लोग करण के इस गाने पर झूम रहे हैं। करण के म्यूजिक कॉन्सर्ट में भी फैंस को यह गाना जरूर सुनने को मिलेगा। करण का यह टूर 7 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक होगा। इस म्यूजिक टूर का नाम 'इट वाज ऑल ए ड्रीम' है। चंडीगढ़, दिल्ली, मुंबई के अलावा कुछ और शहरों में भी करण का म्यूजिक कॉन्सर्ट होगा।

## दर्शकों को हैरान कर देंगे

सूत्रों के अनुसार करण अपने म्यूजिक टूर की तैयारियां लगभग एक साल से कर रहे थे। इस टूर के जरिए वह पंजाबी कल्चर और इंडियन म्यूजिक को सेलिब्रेट करना चाहते हैं। साथ ही म्यूजिक टूर में वह अपने फैंस को कोई बड़ा सरप्राइज भी देने वाले हैं।

# रिटायरमेंट नहीं, कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं

विक्रांत मैसी अपने रिटायरमेंट को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेने जा रहे हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' फेम विक्रांत मैसी का लेटेस्ट बयान सामने आया है। अभिनेता ने नए बयान में कहा, मेरे लिए एक्टिंग ही सब कुछ है। आज मेरे पास जो कुछ भी है, वह मुझे एक्टिंग ने ही दिया है। मेरे मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर इसका बहुत असर पड़ रहा है। ऐसे में मैं बस कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, मैं अपने स्किल को और बेहतर बनाना चाहता हूं। थोड़ा ब्रेक चाहता हूं। अभिनेता ने कहा, मेरे पोस्ट का गलत अर्थ निकाला गया है कि मैं एक्टिंग की दुनिया छोड़ रहा हूं या इससे रिटायरमेंट ले रहा हूं। मैं अपने परिवार और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, जब सही समय लगेगा तो मैं वापस आ जाऊंगा। उन्होंने लिखा, हैलो, पिछले कुछ साल और उससे आगे का समय मेरे लिए काफी शानदार रहा है। मैं आप सभी को समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। लेकिन,



जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि यह समय फिर से संभलने और एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में घर वापस जाने का है। इसलिए, साल 2025 में हम एक-दूसरे से आखिरी बार मिलेंगे। जब तक समय सही न लगे। एक बार फिर से धन्यवाद, हर चीज के लिए आप सभी का हमेशा आभारी रहूंगा। विक्रांत मैसी अपनी हालिया रिलीज 'द साबरमती रिपोर्ट' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। मैसी की 'जीरो से रीस्टार्ट' भी 20 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है।

## बिग बॉस 18 में होगी

# शालिनी पासी की वाइल्ड कार्ड एंट्री



बिग बॉस 18 में शालिनी पासी वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री करने जा रही हैं। वह इस हफ्ते बुधवार और गुरुवार को शूट करेंगी। एक्ट्रेस 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स से सुर्खियों में आईं हैं। शालिनी पासी को 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स शो से काफी पहचान मिली है। इस शो ने उन्हें एक नया फेम और ऑडियंस के बीच पॉपुलैरिटी दिलाई है। ऑडियंस अब बिग बॉस में उनके एंट्री को लेकर काफी उत्साहित हैं।
ओरी जैसे रोल में नजर आएंगी
रिपोर्ट्स के मुताबिक, शालिनी का रोल बिग बॉस 18 में पिछले सीजन के ओरी जैसा हो सकता है, जिसने शो में अपने अंदाज और ड्रामा से ऑडियंस को काफी अट्रैक्ट किया था। शालिनी का किरदार और भी इंट्रिगिंग हो सकता है। शालिनी पासी को रियलटी शो फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का अनुभव है। ऐसा माना जा रहा है कि उनका ये अनुभव इस बार बिग बॉस में उन्हें कॉन्फिडेंस और रणनीति से गेम खेलने में मदद करेगा। शालिनी की एंट्री के बाद बिग बॉस में नए ट्विस्ट और ड्रामा का माहौल बन सकता है। उनके आने से शो में कुछ नया देखने को मिल सकता है, जो ऑडियंस को शो से जोड़े रखेगा। सूत्रों का मानना है कि बिग बॉस में उनकी एंट्री उनके करियर में एक नया मोड़ ला सकती है।

### इस सीजन में पहले भी हुई वाइल्ड कार्ड एंट्री

सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस में सबसे पहले दिग्विजय राठी और कशिश कपूर की बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई। उसके बाद एडिन रोज, अदिति मिस्त्री और यामिनी मल्होत्रा भी शो में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शामिल हुईं।



# कभी क्रिकेट खेला, कभी पायलट की ट्रेनिंग ली पर मैं टिका किसी में नहीं

**वेब सीरीज जुबली के जय खन्ना के रूप में दर्शकों का दिल जीतने वाले ऐक्टर सिद्धांत गुप्ता इन दिनों अपनी नई सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट को लेकर चर्चा में हैं। सीरीज में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाले सिद्धांत से खास बातचीत।**

कभी अंडर 14 क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व तो कभी दिल्ली में पायलट बनने की ट्रेनिंग लेने वाले सिद्धांत बताते हैं, मुझे बहुत टाइम तक पता नहीं था कि मुझे जिंदगी में करना क्या है। बचपन में क्रिकेट का शौक था। मुझे लगता था कि मैं खेलने के लिए पैदा हुआ हूं, जैसे ज्यादातर बच्चों को लगता है। नैशनल खेलने के लिए स्कूल से छुट्टी मिल जाती थी तो अंडर 14 क्रिकेट में खेला, मगर ऐसा नहीं लगा कि मैं सारी जिंदगी यही करना चाहता हूं। फिर, अंडर 17 में बास्केटबॉल और स्विमिंग में भी भागीदारी की, पर मैं टिका किसी में नहीं। दिल्ली में पायलट की पढ़ाई कर रहा था, वहीं मॉडलिंग करने लगा। उसमें भी यही लगा कि मैं ये पूरी उम्र नहीं कर सकता। तब सोचा कि आगे क्या करूं? तो मुंबई आ गया, यहां ऐक्टिंग की शुरुआत हुई, मगर तब भी ये नहीं लगा कि यही मेरी जिंदगी है।

## लंदन के उस वर्कशॉप ने बदली लाइफ

सिद्धांत अपने ऐक्टिंग करियर के टर्निंग पॉइंट के बारे में बताते हैं, मैं जब टीवी से फिल्मों में आने की कोशिश कर रहा था, तब फिल्म भूमि में एक कैमियो किया था। वो फिल्म मेरी नहीं थी, फिल्म चली भी नहीं, तब मुझे लगा कि मैं क्या कर रहा हूं? क्यों कर रहा हूं? अगर मुझे वाकई ऐक्टिंग करना है तो या इस सवाल का जवाब ढूंढ लूं कि यह क्यों करना है या फिर कोई और काम ढूंढ लूं, क्योंकि एक ही जिंदगी है। तब मैं एक महीने के लिए सबसे दूर अकेले लंदन चला गया। वह मेरी जिंदगी का पहला सोलो ट्रिप था। वहां मैं एक ड्रामा स्कूल से जुड़ गया, वर्कशॉप करने लगा और वहां मैंने पहली बार आर्ट का जादू महसूस किया। मेरे लिए वह वर्कशॉप टर्निंग पॉइंट रहा।

## पंडित नेहरू का रोल निभाना बड़ी चुनौती

सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट में पंडित जवाहर लाल नेहरू की चुनौतीपूर्ण भूमिका से जुड़ने और उसमें ढलने के बाबत सिद्धांत ने बताया, जुबली के बाद मैं एक चैलेंजिंग रोल ढूंढ रहा था, जो मुझे मिल नहीं रहा था। ऐसे में, जब निखिल अडवानी सर ने मुझे पंडित जवाहरलाल नेहरू के रोल में चुना तो मुझे खुद यकीन नहीं था कि मैं इसे ठीक से निभा पाऊंगा या नहीं। यह बहुत बड़ा किरदार है। वह इंसान नहीं, एक इमोशन हैं। इसलिए, यह एक बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन निखिल सर ने कहा कि मैं उनकी पहली पसंद हूं, तो मेरा भरोसा भी बढ़ गया। ऐसे डायरेक्टर्स की यही खूबी होती है कि वे आप पर भरोसा करते हैं। वह विक्रमादित्य मोटवाने हों या निखिल अडवानी, दोनों ने मुझे खुला छोड़ दिया कि तुम्हें जो ठीक लगता है, वो करो। हालांकि, इस बार चुनौती ज्यादा बड़ी थी और मेरे पास तैयारी के लिए महज दो महीने थे। मैंने यूट्यूब पर पंडित नेहरू के काफी विडियो देखे। उनकी लिखी किताबें पढ़ी ताकि उनकी सोच को समझ सकूं।

# चंकी पांडे ने की अनन्या की तारीफ



बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या पांडे की तारीफ की है। खो गए हम कहां के लिए बेस्ट एक्टर फीमेल का अवॉर्ड मिला है। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। खो गए हम कहां के लिए फिल्म फेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड इस पोस्ट पर अनन्या पांडे के प्रशंसकों ने प्रतिक्रिया दी है। चंकी पांडे अक्सर अपनी बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। उन्होंने इस पोस्ट में अनन्या पांडे की तस्वीर साझा की है, इस में वे फिल्म फेयर अवॉर्ड लिए नजर आ रही हैं।

